# हरिभूमि संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 17 मई 2026




# पेट्रोल-डीजल संकट का असर...इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ी डिमांड, बिक्री में वृद्धि

## ई-वी की दो पहिया वाहन के साथ ही चार पहियों की तरफ भी बढ़ रहा जिले के लोगों का रूझान

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ सालों के दौरान युद्ध और अन्य कारणों से पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच बैटरी चलित इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ने लगी है। बीते लगभग एक सप्ताह में ही इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 12 प्रतिशत के करीब बढ़ोत्तरी हुई है। डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामों के चलते पहले ही लोग इलेक्ट्रिक वाहन के खरीदारी कर रहे थे, लेकिन अब मध्य पूर्व देशों के बीच जंग के चलते पेट्रोल-डीजल की कमी होने लगी है। कई जगह पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी जा रही है। इस संकट के बीच इलेक्ट्रिक स्कूटर की मांग भी तेजी होती दिखाई दे रही है। शहरी क्षेत्रों के अलावा अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर की खरीदी बढ़ने लगी है।

प्रतिदिन लगभग शहर के भीतर या 30-40 किलोमीटर के सफर के लिए इलेक्ट्रिक वाहन पेट्रोल-डीजल के खर्च की अपेक्षा बेहतर माध्यम है। इन वाहनों का शहर के भीतर या घर से ऑफिस जाने के लिए अब लोग इसकी खरीदारी कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटर का उपयोग करने वालों का कहना है कि शहर के भीतर चलने के लिए यह काफी अच्छा है और सस्ता है। इसमें चार्जिंग का खर्च भी पेट्रोल से लगभग आधा ही होता है। वहीं इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण के अनुकूल भी है। इस वाहन के उपयोग से वाहन प्रदूषण में भी कमी आएगी। बताया गया कि दो पहिया के अलावा चार पहिया ईवी की भी बिक्री होने लगी है।

### लेड एसिड बैटरी वाले वाहन सस्ते

इलेक्ट्रिक व्हीकल शो-रूम संचालक आसिफ खान ने बताया कि 40 हजार से लगभग 70-80 हजार रुपए तक की इलेक्ट्रिक स्कूटर की मांग अधिक है। उन्होंने बताया कि लगभग सभी वाहनों में 1 से 3 साल तक की वारंटी भी आ रही है। उन्होंने बताया कि लेड एसिड बैटरी वाले वाहन एक बार की फुल चार्जिंग में लगभग 80 किलोमीटर का एवरेज देते हैं, लेकिन इसकी चार्जिंग टाइम 7 से 8 घंटे की होती है। वहीं लिथियम बैट्री वाले वाहन की एवरेज भी लगभग 80 किलोमीटर की है, लेकिन इसका चार्जिंग 3.30 घंटे में ही पूरा हो जाता है। लेड एसिड बैटरी वाले वाहन से लिथियम बैटरी वाले वाहन में लगभग 10 हजार रुपए का फर्क आता है।



### बैटरी चलित साइकिल की मांग

इलेक्ट्रिक स्कूटर के अलावा लगभग 25 से 35 हजार रुपए में बैटरी चलित साइकिल भी बाजार में दिखाई दे रही है। यह साइकिल बैटरी चलित होने के साथ ही आम साइकिल की तरह पैडल से भी चलाई जा सकती है।

### नॉन आरटीओ वाहन

शहर के भीतर लगभग 25-30 की स्पीड में चलने वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए आरटीओ रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होने की वजह से इसकी मांग बढ़ रही है। ऐसे स्कूटर बजट में भी काफी कम होते हैं। जिसके चलते इसकी बिक्री बढ़ रही। नॉन आरटीओ इलेक्ट्रिक स्कूटर लगभग 40 से 60 हजार रुपए के बीच मिल रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर कुकर्म, गिरफ्तार



**छुईखदान।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया की नाबालिग पुत्री को आरोपी विशेष यादव 27 साल निवासी छुईखदान द्वारा नाबालिग जानते हुए भी बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर अपहरण कर लगातार शारीरिक संबंध बनाकर गर्भवती करने की रिपोर्ट पर 15 मई को थाना छुईखदान में धारा 137(2), 64(2)(ड), 96 बीएनएस, 6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आरोपी विशेष यादव की पता तलाश कर हिरासत में लेकर आरोपी विशेष यादव को 15 मई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 16 मई को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को उपजेल सलोनी भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में छुईखदान पुलिस स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

---

## अध्यक्ष पद पर लोधी प्रत्याशी उतारने की तैयारी में भाजपा-कांग्रेस

# घुमका: भाजपा ने प्रत्याशियों की सूची की जारी, कांग्रेस ने भी कर दी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर अब राजनीतिक दलों ने अपने मोहरों को मैदान में उतारना शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने वार्ड पार्षद पद के लिए अपने सभी 15 अधिकृत प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। वहीं अध्यक्ष पद को लेकर भी नाम आज जारी किया जाएगा।

वहीं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आज अपनी सूची जारी करने को लेकर बैठक की। इसके बाद रात में अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। लेकिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

उल्लेखनीय है कि पहली बार हो रहे घुमका नगर पंचायत के चुनाव को अपने कब्जे में करने के लिए दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। पिछले 11 मई से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को थम जाएगी। जिससे पहले शुक्रवार की देर रात जहां भाजपा ने अपने प्रत्याशी फाइनल कर दिए हैं। वहीं कांग्रेस की सूची घोषित होने के बाद अब मुकाबला सीधे मैदान में होने की संभावना है।



चुनाव की सरगर्मियों के तहत भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया।

### बैठक के साथ प्रचार शुरू

भाजपा द्वारा पार्षद पद के प्रत्याशियो की घोषणा किए जाने के साथ ही संगठन ने प्रचार अभियान का भी आगाज कर दिया है। घुमका में सम्मेलन के बहाने भाजपा ने अपने कार्यकत्र्ताओ को चार्ज किया। चुनाव संचालक मधुसूदन यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के पूर्व विधायको को प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कांग्रेस ने भी प्रत्याशी चयन की कवायद के साथ साथ घुमका में चुनावी प्रचार का आगाज किया है। जिला कांग्रेस के कई नेताओं ने आज दिन भर घुमका में वरिष्ठ कांग्रेसजनो से मुलाकात की और चुनाव रणनीति तैयार की।

### कांग्रेस के यह प्रत्याशी

कांग्रेस की सूची के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 में श्रीमती योगिता पटेल, 2 में गौरव शर्मा, 3 में कुमार बघेल, 4 में कोमल यद्घु, 5 में पीताम्बर निषाद, 6 में रामचंद्र वर्मा, 7 में दानी राम वर्मा, 8 में लोचन निर्मलकर, 9 में उषा वर्मा, 10 में नम्मू यादव, 11 में डिलेश्वर वर्मा, 12 में पुष्पा पटेल, 13 में शबाना खाना, 14 में कमल बंजारे और 15 में बबीता वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी का एलान होना बाकी है।

### जातिगत समीकरण के अनुसार बंटे टिकट

बताया गया कि भाजपा ने घुमका नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के लिए मंथन के बाद उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने इस बार नए और ऊर्जावान चेहरों के साथ-साथ पुराने अनुभवी कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया है। स्थानीय स्तर पर जातिगत और सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते टिकटों का वितरण किया गया है। इधर कांग्रेस ने भी जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते प्रत्याशी चयन किया है।

### भाजपा की सूची में 5 महिलाएं

इधर भाजपा द्वारा जारी में वार्ड नं 1 से श्रीमति इन्द्राबाई वर्मा, 2 से किशन सिंह चंदेल, 3 से देवेन्द्र बघेल, 4 से शैलेन्द्र वर्मा, 5 से रूपनारायण साहू, 6 से दिलीप पटेल, 7 से गोबिंद्रा यादव, 8 से बहल राम वर्मा, 9 से श्रीमती निशा वर्मा, 10 से रोशन वर्मा, 11 से खिलेश यादव, 12 से सुनिता गंगेश्वर वर्मा, 13 से श्रीमती लोकेश्वरी पात्रे, 14 आलोक कुमार भारती, 15 से श्रीमती रुखमणी वर्मा को भाजपा ने अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है।

### सोमवार को नामांकन का अंतिम दिन

घुमका चुनाव को लेकर 11 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। नामांकन का अंतिम दिन सोमवार 18 मई को है। ऐसे में प्रत्याशियों की सूची शुक्रवार और शनिवार को रात को जारी होने से सोमवार को अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने के लिए भीड़ देखने को मिल सकती है। ज्ञात हो कि घुमका नगर पंचायत को लेकर आगामी एक जून को मतदान होना है। वहीं चार जून को परिणाम सामने आएंगे। 15 वार्ड वाली इस नगर पंचायत अध्यक्ष का पद महिला के लिए आरक्षित है।

---

## ग्राम उसरीबोड का मामला

# पैरावट की आग में झुलसी महिला, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत के पास रखे पैरावट में आग लगने पर महिला चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से उसरबोड गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उसरीबोड में एक किसान के खेत में रखे पैरावट में आज दोपहर लगभग 12 बजे आग लग गई। जिसकी चपेट में इसी गांव की रहने वाली महिला हेमलता विश्वकर्मा 40 वर्ष चपेट में आ गई।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** इस मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम कराया। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। इधर इस घटना की खबर जैसे ही गांव के लोगों को लगी, गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वहीं सनसनी फैल गई है।

### मौके पर मौत

बताया गया कि धूं-धूं कर जल रहे पैरावट की आग के चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रही थी। पुलिस द्वारा आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त आग भी महिला ने ही लगाया है।

---

# माओवाद पर गढ़चिरौली पुलिस बल का अंतिम प्रहार, आठ नक्सली हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलवाद के खिलाफ पिछले 10 दिनों से चलाए जा रहे ऑपरेशन अंतिम प्रहार के तहत महाराष्ट्र पुलिस बल और सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। ऑपरेशन के तहत आठ माओवादियों को रेलवे स्टेशन तथा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांव को घेरकर हिरासत में लिया है, जो 7 फरवरी 2026 को फोडेवाडा मुठभेड़ में सी-60 जवान की हत्या में सक्रिय रूप से शामिल थे। गिरफ्तार नक्सलियों से 51 हथियार, 64 लाख रुपए नगद बरामद किया गया है।




### रेलवे स्टेशन और गांव को घेरकर पकड़े गए 8 नक्सली

12 मई को विशेष मिशन दस्ते को गोपनीय सूचना मिली कि महाराष्ट्र के रुकमापुर रेलवे स्टेशन से विकाराबाद तेलंगाना के लिए कुछ लोग रवाना होने वाले हैं। 13 मई को उक्त रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर फोर्स ने सर्च ऑपरेशन के दौरान जयराम मोंगे गावडे, पीपीसीएम कंपनी नं. 10 निवासी गिनलगुडा एटापल्ली जिला गढ़चिरौली, मुकेश उर्फ लछू लक्कू अवलम प्रभाकर के बॉडीगार्ड निवासी पिडिया गंगालूर जिला बीजापुर, विजय उर्फ मंगडू हुंगा तामो ज़ोन टीडी सदस्य निवासी चिम्लिपेंटा कोटा जिला सुकमा, राजिता उर्फ शम्बट्टी कोसा मदवी सदस्य कोर दलम कंपनी नं. 5 निवासी कोंडाकोट जिला नारायणपुर को हिरासत में लिया। इसके साथ ही ऑपरेशन के दौरान चार अन्य नक्सलियों को महाराष्ट्र के सीमावर्ती गांव मौजा को घेरकर हिरासत में लिया गया है। इनके निशानदेही पर डंप से 51 हथियार तथा 64 लाख 35 हजार रुपए नगद बरामद किया गया है।

---

# वट सावित्री व्रत: पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने की वट वृक्ष के नीचे पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वट सावित्री व्रत पर्व पर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। सौभाग्यवती महिलाओं ने पति के दीर्घायु एवं घर-परिवार में कुशल मंगल की कामना लिए व्रत रखकर वृट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। इस मौके पर वट वृक्ष के नीचे सुबह से देर शाम तक महिलाओं की उपस्थिति रही।

पर्वों की श्रृंखला में ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर 16 मई को अंचल में वट सावित्री व्रत पर्व मनाया गया। इस मौके पर सौभाग्यवती महिलाओं ने कठिन व्रत रखकर पति के दीर्घायु एवं घर-परिवार में कुशल मंगल की कामना की।

### सुबह से रही भीड़

सौभाग्यवती महिलाएं आज सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की सामग्री लेकर पहुंचती रही, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षासूत्र बांधा और पूजा सामग्रियों को अर्पित किया। शहर के सोनारपारा शीतला मंदिर परिसर स्थित वट वृक्ष के नीचे सुबह से लेकर देर शाम तक महिलाओं की उपस्थिति रही। पूजा-अर्चना पश्चात व्रत संबंधी कथा का वाचन व श्रवण किया गया। तत्पश्चात पति की पूजा-अर्चना कर कामना की।


संजीवनी नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. किशोर सांगोड़े

MBBS, MD (Internal Medicine)

- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


---

## शुक्रवार को हुई भव्य आतिशबाजी, शनिवार को प्रसादी का वितरण

# शनि जयंती महोत्सव पर जगमगाया रानीसागर तट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान शनिदेव की जयंती पर आज शहर के विभिन्न शनि मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। वहीं शहर के रानीसागर स्थिति शनिधाम में शुक्रवार देर शाम से ही आयोजन शुरू किया गया। यहां लाखों दीप जलाए गए और भव्य आतिशबाजी की गई।

शनि जयंती पर रानीसागर तालाब तट पर स्थित शनिधाम मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यहां सवा लाख मिट्टी के दीये जलाए गए और ईंधन बचाने के साथ स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया गया। न्याय के देवता भगवान शनिदेव की जयंती पर आयोजित दीपोत्सव में जनप्रतिनिधि, जिले के कलेक्टर सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। यहां आयोजन के दौरान दीपों की सुनहरी रोशनी से पूरा रानीसागर तालाब जगमगा उठा।

दीपों की रोशनी पानी में पड़ते ही यहां अलौकिक नजारा दिखाई दे रहा था। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। लगभग 15 मिनट तक यहां अतिशबाजी की आसमानी छंटा बिखरती रही। जिसका नजारा काफी दूर से दिखाई दे रहा था। यहां समिति के सदस्यों ने रानीसागर तालाब के अंदर नाव से आतिशबाजी की, जो काफी उद्भुत दृश्य रहा। इस अवसर पर रंग-बिरंगी रोशनी के बीच भगवान शनिदेव का जयकारा गूंजने लगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।


⏩ शेष पेज 14 पर







### सनातन संस्कृति से जोड़ने आयोजन

शनिदेव धाम मंदिर के संस्थापक राकेश ठाकुर और समिति के सदस्य सुरेश एच. लाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। वहीं पर्यावरण को संरक्षित करने लोगों को प्रेरित करना है। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से ईंधन बचत की अपील का समर्थन करते कहा कि मिट्टी के दीप जलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत का संदेश भी दिया जा रहा है।


अग्रसेन धाम

SENIOR LIVING HOME

A PREMIUM OLD AGE HOME

1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी

12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन

सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं

• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)

राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444

स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही,
(दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM)
जिला - बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने की बरगद की पूजा



**चिचोला।** बट सावित्री को लेकर सुबह से राम मंदिर के पास स्थित बरगद के पेड़ के आसपास महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं ने व्रत कर विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा की। पूजा के दौरान उन्होंने बरगद के पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत लपेटते हुए परिक्रमा किया और व्रत कथा का श्रवण किया। पौराणिक कथा के अनुसार माता सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे तप कर अपने अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किया था। माना जाता है कि इस व्रत से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है।

### शिविर में प्राचार्यों का सम्मान

**छुईखदान।** हायर सेकंडरी स्कूल उदयपुर एवं हाईस्कूल गातापार नाका के प्राचार्यों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत टिकरीपारा में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह तथा अन्य उपस्थिति में सम्मान पत्र एवं खेल सामग्री प्रदान किया गया। बीईओ जीके सुधाकर ने बताया कि हाईस्कूल गातापार नाका में कक्षा दसवीं के सभी 31 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा खिलेश्वरी वर्मा ने 89.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार हायर सेकंडरी स्कूल उदयपुर की कक्षा बारहवीं के कुल 95 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल और सभी सफल हुए। तनिषा जंघेल ने 88.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर बीईओ श्री सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत शर्मा, सीएसी दयाल बंजारे, पंकज कौशल, प्राचार्य अनिल पाल आदि ने बधाई दी है।

### महंगाई ने तोड़ी सभी वर्ग की कमर



**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने पेट्रोल, डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 3 रूपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी ने आम आदमी, किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, बस ऑपरेटरों आदि की कमर तोड़ दी है। सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का बोझ जनता पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईंधन के महंगे होने का असर परिवहन, खाद्य सामग्री, सब्जी, दूध, दवाई, स्कूल फीस, किराया और खेती-किसानी सहित हर क्षेत्र पर पड़ता है जिसका सबसे अधिक नुकसान गरीब और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ता है।

### नि:शक्तों की घर बैठे केवाईसी



**डोंगरगढ़।** महतारी वंदन योजना की निः शक्त और बीमार महिला हितग्राहियों को पालिका के सभापति सुमित ताम्रकार घर पहुंच सेवा दे रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में निःशुल्क ई केवायसी किया जा रहा है। वहीं महिला समूह अध्यक्ष ममता बहेकर भी सदस्यों के साथ शिविर लगाकर ई केवायसी करा रही है। घर पर ई-केवाईसी होने से शारीरिक रूप से असमर्थ हितग्राहियों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं जाना पड़ रहा है।

### महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा



**सड़क अतरिया।** शनिवार को सुहागन महिलाओं ने वट सावित्री पर्व श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए व्रत किया। निर्जला रह कर महिलाओं ने वट वृक्ष की अराधना की। पर्व को लेकर नवविवाहित महिलाएं जो पहली बार व्रत को कर रही थी में खासा उत्साह रहा। तपती धूप में महिलाओं ने समूह बनाकर वट वृक्ष के समीप एकत्र होकर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। तथा धागा लपेट कर फेरा लगाया। कथा का रसपान किया। पूजा समापन पर महिलाएं किसी अन्य सुहागन महिला को सुहाग भेंट किया।

### लाटरी निकालकर छात्रों का चयन




**डोंगरगढ़।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की कक्षा पहली से कक्षा 8 तक निर्धारित एवं रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लॉटरी निकाला गया।लॉटरी प्रक्रिया से कक्षा पहली की 50 सीट, कक्षा 2 की 1 सीट, कक्षा 3 की 2 सीट, कक्षा 5 की 1 सीट तथा कक्षा 8 की 6 सीट में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से कुल 60 विद्यार्थियों का चयन किया गया। लॉटरी निकालने के दौरान एसडीएम एम भार्गव, शाला समिति के अध्यक्ष कुलवंत सिंह कक्कड़, प्राचार्य जेएस चंदेल, अशोक डे, ओमप्रकाश महानदी, मधुसूदन अग्रवाल, पूजा उजवने उपस्थित थे।

## परेशान हुए मरीज, बिजली- पानी का पुख्ता इंतजाम नहीं

# साढ़े चार घंटे गुल रही बिजली भीषण गर्मी में उबला आधा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शनिवार को 39 से 41 डिग्री तापमान के बीच करीब साढ़े चार घंटे तक बिजली कट ने आधे से ज्यादा शहर को तपने मजबूर कर दिया। वहीं लाखों की सलाना आय वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कई महत्वपूर्ण सेवा ठप्प रही साथ ही मरीजों को भीषण गर्मी से जूझना पड़ा।

जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह 9 से डेढ़ बजे तक बिजली गुल रही। मेंटनेंस के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने नगर की मोगरा कालोनी, हॉस्पिटल, तहसील कार्यालय, नगर पंचायत, पोस्ट आफिस, बस स्टैंड, नया बाजार, सिनेमा लाइन, फुव्वारा चौक, सेंट्रल बैंक, बाजार ऐरिया में बिजली कट किया था।

## आए दिन मेंटनेंस से परेशानी

### जमकर परेशान हुए लोग

करीब 39 से 41 डिग्री टेम्परेचर के बीच साढ़े चार घंटे तक बिजली गुल रहने से सभी वर्ग के लोगों को जमकर परेशान होना पड़ा। हालात यह हो गए थे कि लोग न तो घर के अंदर चैन से बैठ पा रहे थे और न तेज धूप के चलते घर के बाहर निकल पा रहे थे। कूलर, पंखा, एसी के बंद होने के बाद लोग परंपरागत बांस के पंखों का उपयोग कर राहत पाने का जतन करते रहे।

### थमी रही सेवाएं

जानकारी के अनुसार बिजली गुल रहने से एक्स रे, आपरेशन थियेटर, लेब की सेवा बाधित रही। बताया जाता है लेब का एसी खराब होने की वजह से जांच रिपोर्ट प्रभावित हो रही है।

### अस्पताल से छाया अंधेरा

बिजली कट से सबसे अधिक दिक्कत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों को हुई। अस्पताल में भर्ती महिला पुरुष भीषण गर्मी में जमकर परेशान हुए वजह यह रही कि यहां के एसी बिजली कट की वजह से करीब साढ़े चार तक बंद रहे। जैसे- तैसे कुछ कूलर पंखे चल रहे थे किंतु गरम हवा आने से लोग परेशान हुए। इस तरह के हालात पहले भी कई बार बन चुके है कि अस्पताल प्रबंधन ने अब तक स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध नहीं किया है।

### लाखों की आय फिर भी सुविधा जीरो

उल्लेखनीय है कि अस्पताल आने वाले मरीजों से जीवन दीप समिति के नाम पर 10 रुपए लिया जाता है। वहीं एक्स रे, दंत चिकित्सा आदि के लिए भी लोगों को शुल्क देना पड़ता है। बताया जाता है कि जीवन दीप समिति की सलाना आय करीब 17 से 18 लाख तक होती है। भारी भरकम आय होने के बाद भी बिजली, पानी जैसी बुनियादी जरूरत का प्रबंध अस्पताल में नहीं हो सका है।

# व्यक्तित्व विकास पर युवाओं को प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कल्लू बंजारी में छह दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मां गायत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छह दिवसीय शिविर में कल्लुबंजारी, आटरा, बेंदाडी, रामतराई, तेलीनबांधा, रानीपुर, खड़खडी, पुर्रामटोला, आमगांव, छुरिया, हालेकोसा, किरगहाटोला के युवक युवतियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षक डां कुंती साहु, नंदकुमार पटेल, चेमन साहु, भिमेश्वरी साहु थे। प्रशिक्षकों ने शिविरार्थियों को जीवन जीने की कला के बारे मे बताया। इस दौरान व्यक्तित्व निर्माण, कैरियर निर्माण, सफल जीवन, कर्मफल, जडी बुटी विज्ञान, गौ संवर्धन, जैविक कृषि, ब्रम्हचर्य, नारी स्वास्थ्य आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रतिदिन प्रातः योगा, प्राणायाम, ध्यान एवं संध्या नाद योग कराया गया। युवाओं ने नशा नहीं करने एवं शाकाहार अपनाने का संकल्प लिया। शिविर के आयोजन में सरपंच चित्रा कोर्राम, राजकुमार पटेल, भुवन ठाकुर, धनेश्वरी मंडावी, कुमुद पटेल, जितेन्द्र पटेल, गजैन्द्र खिलोरिया, घनश्याम ठाकुर,रत्नी उईके, तुलाराम साहु, एमएल सोनबोईर, जयप्रकाश सिन्हा, गीताराम साहु का सहयोग रहा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान



**गंडई पंडरिया।** गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए गुरुवार का दिन खास रहा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रूहन मन्नू चंदेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनका सम्मान किया। श्री बघेल ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया साथ ही कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनकी मेहनत को सराहा। संगठन को मजबूत करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमलदास साहू मौजूद रहे। गंडई क्षेत्र के विकास और संगठन पर चर्चा करते हुए नेताओं ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। कार्यक्रम में पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह ख़ुशरो ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

### कार्यकर्ताओं को किया प्रोत्साहित

कार्यक्रम में संजू चंदेल, रमेश साहू, मोहम्मद खान, अय्युब कुरैशी, बांके वर्मा, भिङ्केश, हेमलता ठाकुर, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, मोहसिन खान, शैलेन्द्र जायसवाल, पार्षद अमन सोनी, तामेश्वर साहू, ताराचंद बंजारे, दिलेश साहू, दिनेश रजक, गोवर्धन साहू, आत्मा वर्मा, टिकम साहू, रमशिला मिर्चे, छन्नी साहू, इसराइल खान और शेखर साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कमिश्नर-कलेक्टर ने किया पैदल भ्रमण

## अध्यक्ष ने अफसरों के सामने रखा विकास का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर विकास के पूर्व में काफी दावे हुए, योजनाएँ भी बनीं और राशि भी खर्च हुई किन्तु जनता आज भी विकसित नगर बनने का इंतजार कर रही है। विकास की संभावना को देखते हुए निकाय चुनाव में लोगों ने अजय पटेल के पक्ष में मतदान कर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। अब जनता को महसूस होने लगा है कि उनका निर्णय भविष्य में सार्थक साबित हो सकता है।

नगर में निर्मित लगभग 100 दुकाने न्यायालयीन प्रक्रिया में उलझी है। प्रभावितों को दरकिनार कर राजनीतिक पहुंच रखने वालों को लाभ पहुंचाने के आरोपों के बाद दुकानों का आबंटन वर्षों से लंबित है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने इस मामले को गंभीरता से लिया और उन्होंने प्रभावित पक्षों, याचिकाकर्ताओं आदि से चर्चाकर समाधान निकालने की पहल की है। उनके प्रयासों से स्थगन हटने के बाद अब बंद दुकानों के खुलने की उम्मीद जगी है।



### लोगों में जागी उम्मीद

लोगों का कहना है कि वर्षों तक राजनीतिक संघर्ष और वादों के बीच उलझे रहने वाले नगर को अब विकास की वास्तविक दिशा मिलने की संभावना है। जनता को उम्मीद है कि गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ प्रयास जारी रहे तो आने वाले समय में नगर की पहचान विकास के मॉडल के रूप में हो सकती है।

### नगर विकास के प्रयास

जानकारी के अनुसार नगर अध्यक्ष अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर शहर की आवश्यकताओं एवं समस्याओं को प्रमुखता से रखते रहे हैं यही कारण है कि अब जिला प्रशासन भी गंभीरता दिखा रहा है। हाल ही में कमिश्नर और कलेक्टर ने नगर अध्यक्ष के साथ पैदल भ्रमण कर नगर की स्थिति से अवगत हुए। इस दौरान यातायात व्यवस्था, व्यापारिक संभावनाओं तथा भविष्य की विकास पर विस्तार से चर्चा की गई।श्री पटेल ने राजगामी सहित पुलिस लाइन क्षेत्र में वर्षों से अनुपयोगी शासकीय भूमि का व्यवसायिक परिसर, सार्वजनिक निर्माण आदि के उपयोग करने का प्रस्ताव रखा।

# अवैध मिनरल वाटर प्लांट पर शीघ्र होगी कार्रवाई

## एसडीएम कोर्ट में सुनवाई पूरी, शिकायतकर्ता को न्याय की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

कोपेभाठा में कृषि भूमि के फर्जी नामांतरण और नियमों को दरकिनार कर संचालित मिनरल वाटर प्लांट के मामले में प््रशासन अब हरकत में आते दिखाई दे रहा है। पीड़ित पक्ष द्वारा लगातार की जा रही साक्षों के साथ शिकायतों के बाद अनुविभागीय अधिकारी का बयान सामने आया है।

- जमीन के अवैध नामांतरण की शिकायत

उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता वीरेंद्र कुमार देवांगन ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दस्तावेजी सबूत पेश करते हुए आरोप लगाया था कि उनकी दिवंगत नानी स्व. मंगतीन बाई के नाम पर दर्ज खसरा नंबर 232 ए की 1 एकड़ 68 डिसमिल भूमि पर सभी 6 वैध वारिसों का समान अधिकार था परंतु वारिसों में से घासीराम ने मिलीभगत कर अन्य की बिना किसी सहमति और हस्ताक्षर के पूरी जमीन का अवैध रूप से अपने नाम पर नामांतरण करा लिया। यह भी आरोप है कि इस विवादित भूमि पर वर्तमान में मिनरल वाटर प्लांट का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है। प्लांट की स्थापना के लिए पर्यावरण, श्रम, उद्योग या किसी अन्य विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है। यहाँ तक कि प्लांट के लिए लिया गया बिजली कनेक्शन भी किसी अन्य जमीन के नाम पर है।

### मामले की जांच जारी

इस मामले में राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत और लापरवाही को लेकर पूछे गए सवाल पर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि इस बिंदु पर भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही प्रतिवेदन कलेक्टर को भेज दिया जाएगा। गौरतलब है कि शिकायतकर्ता वीरेंद्र देवांगन ने इस मामले में पूर्व में भी कलेक्टर और एसडीएम से शिकायत की थी किन्तु लंबे समय तक कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई थी। अब एसडीएम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है तब पीड़ित पक्ष को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें न्याय मिलेगा। दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के साथ ही इस अवैध प्लांट को बंद कराया जाएगा।

### जल्द हो जाएगा फैसला

शिकायतकर्ता क आरोपों को लेकर जब एसडीएम अविनाश ठाकुर से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को लेकर शिकायत प्राप्त हुई है। वह विषय प्रक्रियाधीन है। मामले पर सुनवाई हो चुकी है जल्द ही कार्रवाई किया जाएगा।

### खेल प्रशिक्षण शिविर 18 से

**मोहला।** खेलों को प्रोत्साहित करने एवं प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय आवासीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मिनी स्टेडियम में 18 से 25 मई तक आयोजित होगा। शिविर में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, योगा एवं तीरंदाजी खेलों का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में जिले के 45 छात्र एवं 45 छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

(आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)
न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी धमतरी जिला-धमतरी छ.ग.
(पीठासीन अधिकारी :- कु. रिया गणवीर)

रामा सोनकर ..... वादी
// बनाम //
घनश्याम सोनकर वगै. ..... प्रतिवादीगण
// ईश्तहार //

प्रोसेस क्र.-12/2026 व्य.वा.क्र.-81 अ/2023
पेशी तारीख : 16/06/2026

यह कि वादी रामा सोनकर पिता स्व. झीटूराम सोनकर निवासी नयापारा महिमासागरपारा धमतरी, जिला धमतरी छ.ग. ने माननीय न्यायालय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, जिला धमतरी (छ.ग.) में एक वाद स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का प्रस्तुत किया है जो माननीय न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। उक्त वाद में प्रतिवादी क्र. 1 श्री घनश्याम सोनकर की मृत्यु दिनांक 03.05.2025 को हो चुकी है। वादी द्वारा उनके विधिक वारिसान को प्रकरण में पक्षकार बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसी क्रम में प्रतिवादिनी शांति सोनकर पिता स्व. घनश्याम सोनकर निवासी-नदई चौक पोस्ट राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को माननीय न्यायालय द्वारा नोटिस/समंस जारी किया गया किन्तु वे नोटिस प्राप्त करने से बच रही हैं।

अतः प्रतिवादिनी शांति सोनकर को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे सुनवाई तिथि 16.06.2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिसे उक्त प्रकरण के संबंध में जानकारी हो तो प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक को जवाब/आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने पर प्रकरण की सुनवाई किया जाकर आदेश पारित किया जावेगा। यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण में सुनवाई की जाएगी।

आज दिनांक 12.05.2026 को न्यायालय के मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(कु. रिया गणवीर)
न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी धमतरी जिला-धमतरी छ.ग.

### रोजगार मेला 20 को आमाटोला में

**मोहला।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 20 मई को किया गया है। रोजगार मेला शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आमाटोला में आयोजित होगा। रोजगार मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा केयर टेकर, स्मार्ट मीटर टेक्निशियन, सिक्यूरिटी गार्ड, सिक्यूरिटी सुपरवाइजर, हाउस कीपिंग स्टाफ, इंश्योरेंस एडवाइजर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, फिटर, एचआर एग्जीक्यूटिव, नर्सिंग असिस्टेंट तथा बेबी सीटर सहित 800 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

# युगांतर में सीबीईसी का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए सीबीएसई का एक दिवसीय केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एण्ड वेलनेस एमंग स्टूडे आयोजित हुआ। इस प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में अभिषेक खंडेलवाल तथा भूपेंद्र कुमार चंद्राकर को आमंत्रित किया गया था।

दोनों रिसोर्स पर्सन ने सीबीएसई के इस एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम को संचालित करते बारी-बारी से विद्यार्थियों के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए, इसे विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि शिक्षकगण न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान देते हैं, बल्कि वे उनके लिए कक्षा में एक सुरक्षित वातावरण बनाने में मदद भी करते हैं। यही नहीं वे विद्यार्थियों को भावनात्मक समर्थन भी देते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के शुरूआती संकेतों को पहचानकर पालक, काउंसलर और मनोवैज्ञानिक की मदद लें। विद्यार्थियों के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य रखने में योगा, खेलकूद, संगीत और नृत्य जैसी रचनात्मक गतिविधियां सहायक होती है। शिक्षकों को इन गतिविधियों से उन्हें जोड़ने का सार्थक प्रयास करना चाहिए।

इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को रोचकता प्रदान करने बीच-बीच में आकर्षक गतिविधियां भी कराई गई।

## लोगों ने अधिकारियों को बताई समस्याएं

# सुशासन तिहार से आमजनों को लाभ

**छुईखदान।** सुशासन तिहार अंतर्गत छुईखदान के मंगल भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में आमजन र अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। शिविर स्थल पर पहुंचते ही श्री सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और मौजूद अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।



शिविर को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर शासन और जनता के बीच एक सेतु का कार्य कर रहे हैं, जिसमें आम नागरिक सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों को योजनाओं की सही जानकारी मिल रही है, जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना संभव हो रहा है।

### सामग्री का वितरण

शिविर के दौरान कई हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के तहत सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम को भाजपा नेताओं ने भी संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर नगर पंचायत के पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, बीएमओ डॉ मनीष बघेल सहित अन्य उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### शहर में अतिक्रमण हटाने अभियान की शुरूआत

# सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने दस्ता ने मेन रोड से हटाया अतिक्रमण

## यातायात दबाव के चलते हादसों की बढ़ गई थी आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला मुख्यालय की प्रमुख सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुचारु करने और सड़क पर दुकानदारी में लगाम कसने निकले प्रशासन के अतिक्रमण दस्ते ने सिविल लाइन से अभियान की शुरूआत की। एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, तहसीलदार आशश्भ देवहारी, सीएमओ पुनीत वर्मा की मौजूदगी मे राजस्व और नपा की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कारवाई की। इस दौरान अधिकारियों कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस भी मौजूद थी।

गौरतलब है कि राजनांदगॉव कवर्धा मेन रोड मे अमलीपारा से कचहरी चौक तक लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा था और पसरा, ठेला लगाए जाने की शिकायत जिला प्रशासन तक पहुंच रही थी। शहर के अंदरूनी सड़क पर बेतरतीबी से दुकानदारी के चलते आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित है वही अब मेन रोड के आजू बाजू पहले ठेला खोमचा लगाकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के बाद दुकानदारी के लिए टीन शेड और बांस बल्ली की दुकान तन रही थी जिसके चलते सड़क के किनारे कम हो रहे थे और सुगम आवाजाही बाधित हो रही थी जबकि बढ़ते यातायात दबाव के चलते हादसो की आशंका भी बढ़ गई थी।



### दिया सप्ताहभर का अतिरिक्त समय

जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू की अगुवाई में राजस्व, पुलिस, लोक निर्माण विभाग और नगरपालिका अधिकारियों की संयुक्त बैठक मे अभियान के पहले चरण मे मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने का निर्णय लिया गया। इसके लिए दो दिन पहले ही सभी को नोटिस तामील कर दुकानदारी स्वेच्छा से हटाने कहा और निर्धारित समयावधि पूरा होने के बाद शनिवार शाम संयुक्त दल ने सदल बल ताबड़तोड़ कारवाई चालू कर दी। कचहरी चौक से शुरू अभियान देर शाम तक चला इस दौरान आधा दर्जन से ज्यादा अतिक्रमणकारियों का कच्चा कब्जा हटाया गया हालांकि इस दौरान कचहरी के सामने काबिज दुकानदारों ने कब्जा हटाने अतिरिक्त समय की मांग करते हुए कहा कि उन्हें कब्जा हटाने का नोटिस मिले 24 घंटा नही हुआ है। उनकी समस्या को सुन एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से कब्जा हटाने कहा। इस दौरान सीएमओ पुनीत वर्मा, एसडीओपी आशा रानी, तहसीलदार आशीष देवहारी, पटवारी वैभव वैष्णव, छबिलाल जांगड़े सहित लोनिवि, राजस्व और नपा का अमला मौजूद था।

### अधिकारियों ने यातायात दबाव कम करने दिए निर्देश

तीन दिन पहले ही प्रभारी तहसीलदार एवं डिप्टी कलेक्टर पूजा पींचा, पालिका सीएमओ पुनीत वर्मा सहित पुलिस, राजस्व, नगरपालिका और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो की मौजूदगी में एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने शहर के मुख्य मार्गों पर हुए अतिक्रमण की सिलसिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया था कि राजनांदगांव-कवर्धा मेन रोड के सिविल लाइन, दुर्गा मंच, बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, दाऊचौरा मार्ग स्थित टैम्पो चौक और ईतवारी बाजार जैसे इलाकों से कब्जा हटाया जाएगा। शहर के अंदरूनी हिस्सों में भी चौ चौराहों पर स्टॉपर लगाकर वाहनों की नियमित आवाजाही सुनिश्चित करने, सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर त्वरित कार्रवाई करने और निर्धारित समय के बाहर भारी वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया था वही टेंपो चौक और ईतवारी बाजार स्थित शीतला मंदिर के सामने सवारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पर कार्रवाई करने, टेंपो चौक से बेतरतीब खड़े वाहनों को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने, ईतवारी बाजार क्षेत्र में सवारी वाहनों को रावणभाठा में व्यवस्थित करने के अलावा बस स्टैंड मे अंबेडकर चौक से संगीत विवि आने जाने वाले रोड पर खड़े होने वाले टैक्सी स्टैंड को भी अन्यत्र स्थानांतरित करने कहा है।

# करोड़ों की मशीनें खा रही जंग अब नई खरीदी की तैयारी में

### कमीशन के चक्कर में भ्रष्टाचार को दिया जा रहा बढ़ावा

- जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका इन दिनों अपने कथित भ्रष्टाचार के लिए चर्चा में है। आगे पाठ पीछे सपाट की राजनीति में उलझी नगर पालिका ने जनता के टैक्स के पैसे से ऐसी महंगी मशीनें खरीद ली है जिनका आज तक उपयोग नहीं हुआ।

निजी लाभ और कमीशन के चक्कर में खरीदे गए इन उपकरणों पर अब जंग लग रही है, यानी जनता का पैसा धीरे-धीरे जंग के रूप में कबाड़ होकर खत्म हो रहा है।

इन्हीं बेकार पड़े उपकरणों के बीच अब नपा ने प्लास्टिक बेलिंग मशीन जो प्लास्टिक कचरे को संपीडित कर गांठ बनाती है और ठोस अपशिष्ट सिंगल शाफ्ट श्रेडर जो ठोस कचरे को छोटे-छोटे टुकड़ों में पीसने का काम करती है उसे खरीदने के लिए निविदा जारी कर दी है हालाकि नई मशीनों की खरीदी से पहले पुरानी मशीनों का उपयोग करना चाहिए लेकिन कमीशन के लालच मे सरकारी पैसे का बंदरबांट करने लाखो रूपयो की अलग अलग मशीने लेने के बाद अब प्लास्टिक बेलिंग मशीन के रूप मे नपा के जिम्मेदार नया कारनामा करने जा रहे है।




### करोड़ों की मशीने हो रही कबाड़

डीएमएफ जिला खनिज निधि की राशि से करीब 36 लाख रुपये से खरीदा गया अग्नि शमन यंत्र फायर ब्रिगेड सालो से सडको पर नजर नही आया है। गाड़ी तो गाड़ी अब पालिका में इसकी फाइल तक मौजूद नहीं है। पंद्रहवे वें वित्त की राशि से बिना अनुमोदन के 36 लाख रुपये की डी-कम्पोस्ट मशीन जैविक कचड़े से खाद बनाने वाली मशीन खरीदी गई, जो धरमपुरा में ग्रीन नेट ढककर जंग खा रही है। वहीं स्वच्छता दीदियों की आमदनी बढ़ाने के नाम पर 20 लाख रुपये की पेवर ब्लॉक मशीन सीमेंट के इंटरलॉकिंग ब्लॉक बनाने वाली मशीन खरीदी गई पर पिछले 4 सालों से वह धरमपुरा मणिकंचन केंद्र में धूल फांक रही है। इसी तरह पंद्रहवे वित से 1 करोड़ 32 लाख रुपये से खरीदे गए ई-रिक्शा और वाहनों की क्वालिटी इतनी खराब है कि इसकी चर्चा मणिकंचन केंद्र की महिलाएँ भी करती हैं। इसके अलावा, 3-4 साल पहले करीब 16 लाख रुपये की नाला चेन मशीन नालों की सफाई करने वाली विशेष मशीन खरीदी गई लेकिन आज तक उसे छुआ तक नहीं गया। सारी मशीनें रख-रखाव के अभाव में नपा के अलग अलग भवनो में कबाड़ हो रही हैं। सालो से नपा ने करोड़ों की मशीनें खरीदी पर धरातल मे उसका उपयोग नही हुआ हैं।

### जेम पोर्टल से की जा रही खरीदी

बेलिंग मशीन की खरीदी जेम पोर्टल से की जा रही है, यह मशीन पॉलिथीन और प्लास्टिक वेस्ट को बंडल बनाकर बेचने के उपयोग में लाई जाती है। शहर से जो पॉलिथीन कचरा आता है उसे मशीन में डालकर सीधा कर बंडल तैयार किया जाता है। अन्य मशीनों के बारे में अभी कुछ नहीं बता सकता। - **पुनीत वर्मा,** सीएमओ

# वनांचल को मिली विकास की नई रोशनी गांव में पहली बार 67 घरों तक पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के साझा प्रयासों से वनांचल क्षेत्र के ग्राम लछना झिरिया और कांशीबहेरा में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। पीएम जगुआ योजना अंतर्गत आजादी के बाद पहली बार इस गांव को परंपरागत विद्युत लाइन से जोड़ा गया है। दशकों से अंधेरे में जीवन बसर कर रहे 67 परिवारों के घरों में पहली बार बिजली का बल्ब जलने से दोनो गॉव मे उत्सव का माहौल है।

महत्वपूर्ण विद्युतीकरण कार्य को अंजाम देने के लिए विद्युत विभाग ने दुर्गम रास्तों के बीच लगभग ढाई किलोमीटर लंबी निम्नदाब लाइन का विस्तार किया साथ ही गांव की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए 25 केवी के तीन नए ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया है। कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल, सीएसपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर के विशेष निर्देश पर कार्यपालक निदेशक शैलेष सीलेट व अधीक्षण अभियंता के कुशल मार्गदर्शन में इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा गया। संभाग के कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे के सतत निरीक्षण और सक्रिय पर्यवेक्षण की बदौलत वनांचल की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद तकनीकी बाधाओं को दूर कर इस काम को समय पर गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जा सका।



### बदलाव की नई रोशनी

बिजली पहुंचने से अब लछना झिरिया और कांशी बहेरा के ग्रामीणों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आएगा। बच्चों की शिक्षा और रात के समय सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी। 67 घरों के लाभार्थियों ने इस बड़ी सौगात के लिए जिला प्रशासन और विद्युत विभाग की पूरी टीम के प्रति आभार प्रकट किया है। गौरतलब है कि आजादी के बाद से इन दोनो गॉव के सैकड़ो ग्रामीण परंपरागत बिजली पर निर्भर थे, चिमनी, लालटेन के सहारे रात कटती थी और पूरी रात जानवरो की दहशत मे जीना होता था इसके अलावा बच्चे भी सूर्य की रोशनी तक ही पढ़ पाते थे लेकिन अब बिजली विभाग की इस पहल से आजादी के बाद दोनो गॉवो मे सूर्य की रोशनी के अलावा रात को बिजली की नई किरण भी मिलने लगेगी।

## रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रिद्धी-सिद्धी फेस टू निवासी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने अपने 16वें विवाह वर्षगांठ पर निःस्वार्थ भाव से 5वीं बार रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि रक्तदान एक मानवता से भरा कार्य है। जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपने रक्त का एक हिस्सा दूसरों की जान बचाने के लिए दान करता है। यह एक निःस्वार्थ सेवा है, जो जीवनदान के रूप में काम करती है।



# विधायक ने महिलाओं संग किया वट सावित्री पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में वट सावित्री व्रत और शनि जयंती श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाई गई। सुबह से ही मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधजकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की और पति की लंबी आयु व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

विधायक यशोदा वर्मा ने भी महिलाओं के साथ श्रद्धापूर्वक वट सावित्री व्रत का पूजन किया। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जिले की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। वट वृक्ष की परिक्रमा कर सावित्री सत्यवान की कथा सुनी। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

शनि जयंती के अवसर पर शनि मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने शनिदेव को तेल अर्पित कर सुख-शांति और बाधाओं से मुक्ति की प्रार्थना की। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने जिलेवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि वट सावित्री व्रत और शनि जयंती भारतीय संस्कृति, आस्था और पारिवारिक मूल्यों के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक पर्व समाज में सकारात्मक ऊर्जा, श्रद्धा और पारिवारिक एकता को मजबूत करते हैं।



### खुशहाली की कामना की

विधायक ने महिलाओं की श्रद्धा और समर्पण की सराहना करते हुए जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक आयोजन के चलते जिलेभर का माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिरों में भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ का दौर चलता रहा, वहीं बाजारों में पूजा सामग्री, फल-फूल और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। प्रशासन और मंदिर समितियों द्वारा भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किया गया था।

## सोलो एक्ट व नाट्य स्पर्धा का आयोजन 31 को

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव थियेटर ग्रुप ने अपनी परंपरा को कायम रखते आगामी 31 मई को सुबह 10 बजे से मेडिकल कॉलेज स्थित आडिटोरियम में सोलो एक्ट व नाटय प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह प्रतियोगिता एक दिवसीय होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं महापौर मधुसूदन यादव, आईजी बालाजी राव, एसपी अंकिता शर्मा एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आदि रहेंगे।

# ग्रामीणों ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन

**खैरागढ़।** जिले के छुईखदान मे आयोजित कांग्रेस सम्मेलन मे कार्यकर्ताओ का सम्मान कर संगठन की मजबूती को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल अपनी बात रख रहे थे वही दूसरी ओर पिपरिया वार्ड के दर्जनभर से ज्यादा पुराने कांग्रेसियो ने पार्टी का दामन छोडक़र भगवा ओढ़ लिया।

राष्ट्रहित, सनातन संस्कृति के सम्मान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी के पिपरिया बूथ अध्यक्ष ललित वर्मा सहित बेदलाल वर्मा, विजय लोधी, शिवेंद्र वर्मा व अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली और कहा कि यह केवल दल परिवर्तन नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की उस विचारधारा का समर्थन है, जो भारत की संस्कृति, सनातन मूल्यों और विकास के संकल्प को सर्वोपरि मानती है।



भाजपा आज केवल एक राजनीतिक दल नही बल्कि देश के स्वाभिमान, सेवा और सुशासन का जनआंदोलन है। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, मंडल महामंत्री ऋषभ सिंह, पार्षद शैलेंद्र वर्मा, अमलीपारा धान सोसायटी अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा, सुखराम वर्मा, तीरथ वर्मा, अजय वर्मा खिलेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय सीड बॉल निर्माण सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के तहत राज्य स्तरीय सीड बाल निर्माण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भवन चरमूडिया (कुरूद) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू दो कदम प्रकृति की ओर रायपुर एवं अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ ने किया। विशिष्ट अतिथि समीक्षा गायकवाड राज्य सीड बाल प्रशिक्षण कार्यशाला छत्तीसगढ़, डीबी रावटे डीएमसी नारायणपुर, मोतीलाल देवांगन समन्वयक प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन कुरुद, संध्या कुशल राज्य प्रशिक्षण प्रभारी नेस्ट छत्तीसगढ़, डॉ. स्वाति गंधर्व पर्यावरण विद छत्तीसगढ़ एवं डॉ. आशीष नायक विज्ञान संचारक छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि सीड बाल निर्माण के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण बचा रहे हैं, बल्कि जैव विविधता को भी संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। व्याख्याता रेशमी साहू ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रकृति संरक्षण हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।



### बढ़ईटोला में सुशासन तिहार के तहत शिविर आयोजित

# सुशासन तिहार बना समस्या के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्राम पंचायत बढ़ईटोला में सुशासन तिहार तहत आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल, हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया और आमजनता को दी जा रही योजनाओं की जानकारी के संबंध में फीडबैक ली।

इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिपं सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, कलेक्टर डॉ इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित शैलेन्द्र त्रिपाठी, मंजू चतुर्वेदी, श्यामसुंदर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### दी जा रही जानकारी

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि तपती धूप में भी जिला प्रशासन द्वारा सीधे लोगों तक पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहा है, जिससे आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। शिविर के दौरान कई हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के तहत सामग्री का निशुल्क वितरण भी किया गया।



## सार समाचार

### एनईईटी और पीएटी की परीक्षा 21 को, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : कांग्रेस

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं अधिवक्ता रूपेश दुबे ने एनईईटी और पीएटी की परीक्षा तिथि को रेखांकित करते कहा कि दोनों तिथि एक होने से यह साबित हो गया कि डबल इंजन सरकार में सामंजस्य का अभाव है। नीट की परीक्षा निरस्त होने के बाद 21 जून को पुनः एनईईटी की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जबकि 21 जून को छग पीएटी की परीक्षा भी आयोजित होनी है, जो साइंस फैकल्टी के बच्चे होते हैं और वे एनईईटी के साथ-साथ पीएटी की भी परीक्षा फार्म जमा कर चुके हैं। उन बच्चों के साथ अब दुविधा की स्थिति भाजपा की सरकार ने खड़ी कर दी है। एक ही दिन में दो महत्वपूर्ण परीक्षा दोनों के सेंटर अलग-अलग होने पर नौनिहाल बच्चे किस प्रकार से देंगे, यह यक्ष प्रश्न है।

### प्रीमियम शराब दुकान बंद करने भूमि स्वामी ने की पहल

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की मर्यादा को ध्यान में रखते चौधरी परिवार ने एक अहं निर्णय लिया है और वो अपनी निजी जमीन पर संचालित प्रीमियम



शराब दुकान को बंद करवाने का आवेदन दे चुके हैं। ज्ञात हो कि राजनांदगांव के अंबेडकर चौक स्थित प्रीमियम शराब दुकान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक चौधरी के स्वामित्व वाली जगह पर किराये से शासन द्वारा संचालित की जा रही थी, लेकिन अब अनुबंध पूर्ण रूप से समाप्त हो जाने के बाद उन्होंने निर्णय लिया है कि शराब दुकान को किराये से अपनी भूमि नहीं देंगे। अशोक चौधरी के पुत्र ऋषिदेव चौधरी ने आज कलेक्टर राजनांदगांव व आबकारी अधिकारी को आवेदन देकर शराब दुकान बंद करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में शिक्षा, समानता, जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य किया। अंबेडकर चौक जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थल पर शराब दुकान का संचालन उनके आदर्शों को ठेस पहुंचाने जैसा प्रतीत होता है। समाज के अनेक नागरिकों द्वारा भी समय-समय पर इस संबंध में चिंता व्यक्त की गई है। पत्र में कहा गया है कि एग्रीमेंट अवधि समाप्त होने के कारण मेरी निजी भूमि में संचालित उक्त शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद कराने/ अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कृपा करें, ताकि क्षेत्र में सामाजिक एवं सकारात्मक वातावरण बना रहे तथा डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के अनुरूप समाजहित में कार्य हो सके।

### राजपूत की 'आखर वंदन' कृति का रायपुर में विमोचन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग नवा रायपुर के तत्वावधान में गत दिनों सिविल लाइन न्यू कांफ्रेंस हाल सर्किट हाउस में रायपुर जिला



स्तरीय साहित्यकार का भव्य आयोजन किया गया। प्रदेश के साहित्यकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर राजनांदगांव के वरिष्ठ साहित्यकार शत्रुघन सिंह राजपूत की छत्तीसगढी काव्य संग्रह 'आखर वंदन'(अक्षर वंदन) का विमोचन किया गया। इस अवसर पर रायपुर उत्तर के विधायक सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग सचिव अभिलाषा बेहार सहित साहित्यकार क्रमशः अरूण निगम, मेरे अली मीर, डॉ. रमेंद्र मिश्र, डॉ. महेंद्र ठाकुर आदि शामिल थे।

### कांग्रेस का आज से महंगाई को लेकर 4 दिवसीय प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामाग्री आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमतों तथा बेतहाशा महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार कांग्रेस चार दिवसीय आंदोलन करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि 17 मई को पेट्रोल-डीजल संकट व दाम बढ़ाए जाने के विरोध में पेट्रोल पंपों के सामने बढ़े मूल्यों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर बैनर, स्लोगन एवं तख्ती लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही पेट्रोल पंपों में जनता से संवाद एवं चर्चा, 18 मई को खाद्य तेल एवं राशन सामाग्री की बढ़ती कीमतों को लेकर किराना बाजारों में प्रदर्शन एवं किराना व्यवसायियों से चर्चा, 19 मई को सोने की खरीदी पर रोक के आह्वान से सराफा व्यवसाय ठप्प होने व सोने-चांदी के व्यापारियों, कारीगरों एवं कर्मचारियों के रोजी-रोटी की सकट के विरोध में सराफा बाजारों में प्रदर्शन एवं सराफा व्यवसायियों सहित जनता से संवाद एवं चर्चा कर सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करने का निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार 20 मई को सोशल मीडिया पर महंगाई एवं आवश्यक वस्तुओं की कमी को लेकर आंदोलन पेट्रोल, डीजल, सराफा (सोना-चांदी), किराना की महंगाई से संबंधित वीडियो बनाकर फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों में अपना वीडियो अपलोड कर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाते गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब रखकर महाराष्ट्र की ओर से आ रहे आरोपी को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 2 पिटठू बैग में 100 पालीथिन पैक हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 मई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री हेतु चांद-सूरज महाराष्ट्र से बोरतलाव की ओर बाइक से आने वाला है। सूचना पर ग्राम भरकाटोला के पास नाकाबंदी कर बाइक को रोककर पूछताछ करने पार बाइक चालक ने अपना नाम विष्णु टेकाम 43 निवासी चांद-सूरज दर्रेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र का होना बताया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास रखे 2 पिट्ठू बैग में 100 पालीथिन में पैक महुआ शराब प्रत्येक में 500 एमएल कुल मात्रा 50 ब्लक लीटर पाया गया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर शराब व घटना में प्रयुक्त वाहन को विधिवत जब्त किया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

पृष्ठ 11 का शेष

### शनि जयंती महोत्सव पर...

**500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रज्जवलित किए दीपक**

रानीसागर तट पर शनिदेव धाम से लेकर पूरे परिसर में लगभग सवा लाख दीप प्रज्जवलित करने के लिए लगभग 500 लोगों ने अपना योगदान दिया। सभी श्रद्धालुओं द्वारा पूरे परिसर में दीये रखे गए और इसमें तेल, बाती लगाया गया। वहीं देर शाम श्रद्धालुओं द्वारा दीये प्रज्जवलित किए गए। वहीं दो देशी आयोजन के दौरान शनिवार को विधि-विधान से भगवान शनिदेव जयंती पर पूजा-अर्चना की गई और इस दौरान भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया।

**कलेक्टर ने आयोजन को सराहा**

कार्यक्रम में पहुंचे कलेक्टर जितेंद्र यादव ने दीपोत्सव को अविस्मरणीय बताते आयोजन की सरहाना की। उन्होंने कहा कि रियासतकालीन रानीसागर तालाब शहर की ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रानीसागर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए 30 से 40 करोड़ की राशि बजट में प्रावधान किया गया है। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि इस राशि से त्रिवेणी परिसर सहित खेल और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना बनाई जा रही है। जिससे यह क्षेत्र और अधिक विकसित एवं आकर्षक बन सके। भव्य दीपोत्सव ने न सिर्फ धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि राजनांदगांव की सांस्कृतिक पहचान को भी नई चमक प्रदान की है।

## महाराष्ट्र से बहकर छत्तीसगढ़ पहुंचा शव, कपड़ों से हुई पहचान

# बाढ़ में बहा अधेड़, आठ माह बाद मोंगरा बांध में मिला नरकंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले के चिल्हाटी थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब मोंगरा बांध के उलट क्षेत्र में मछली पकड़ने गए ग्रामीणों को एक इंसान का नरकंकाल मिला। करीब आठ माह पुराने इस मामले में मृतक की पहचान टेकाबदर थाना कोरची महाराष्ट्र निवासी 60 वर्षीय सदाराम यादव के रूप में हुई है, जो पिछले साल सितंबर माह से लापता थे।

जानकारी के अनुसार ग्राम भुरभूसी के मछुवारे गुरुवार शाम मोंगरा बांध के कैचमेंट क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। इसी दौरान पानी कम होने से पेड़ की जड़ों में फंसे इंसानी अवशेष दिखाई दिए। कंकाल को देखकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पूर्व जनपद सदस्य फत्तेसाय किरांगे को दी।

### पेड़ की जड़ों में फंसा मिला



शुक्रवार सुबह फत्तेसाय किरांगे गांव के कोतवाल और पटेल मौके पर पहुंचे। जिसके बाद चिल्हाटी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल में पहुंचकर अलग-अलग स्थानों पर पड़े मानव अवशेषों को एक-एक कर एकत्र किया। बताया जा रहा है कि कमर से घुटने तक का हिस्सा पेड़ की जड़ों में फंसा मिला। जबकि कुछ दूरी पर सिर सहित अन्य अंग बिखरे पड़े थे। आशंका जताई जा रही है कि लंबे समय तक पानी में रहने और जंगली-जानवरों व मछलियों द्वारा नोचे जाने के कारण शव पूरी तरह कंकाल और अलग-अलग हिस्सों में बंट गया। पुलिस ने गुमशुदगी सूची के आधार पर महाराष्ट्र के टेकाबदर गांव से संपर्क किया। सूचना मिलने पर मृतक का बेटा सालिकराम यादव मौके पर पहुंचा। उसने लाल बनियान और चड्डे के आधार पर अपने पिता सदाराम यादव की पहचान की।

### मामले की जांच जारी

परिजनों के मुताबिक सदाराम यादव 25 सितंबर 2025 को गाय चराने घर से निकले थे। उसी दिन क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी। आशंका है कि बाढ़ के दौरान वे नदी में बह गए और उनका शव बहते हुए छत्तीसगढ़ के मोंगरा जलाशय तक पहुंच गया। पहचान की पुष्टि होने के बाद चिल्हाटी पुलिस ने आवश्यक पंचनामा कार्रवाई कर नरकंकाल को पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

## बीजाभाठा में एक जेसीबी और दो हाइवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बीजाभाठा में अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान ग्राम बीजाभाठा में अवैध रूप से मुरूम उत्खनन किया जाना पाया गया। कार्रवाई करते मौके से 1 जेसीबी मशीन एवं 2 हाईवा वाहन जब्त किया गया। जब्त वाहनों को आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना डोंगरगांव के सुपुर्द किया गया है।

जिला प्रशासन ने कहा है कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## 5 हार्डकोर नक्सलियों ने गढ़चिरौली पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र पुलिस तथा सीआरपीएफ के समक्ष आज पांच हार्डकोर माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार में इन पर 38 लाख रुपए का इनाम की घोषणा की हुई थी।



आत्मसमर्पित नक्सलियों में 1 डिवीसीएम, 1 पीपीसीएम, 1 एसीएम सहित 2 सदस्य शामिल हैं, जो मोहला-मानपुर, बस्तर एवं गढ़चिरौली जिले के निवासी हैं।

गढ़चिरौली जिले में आज पांच नक्सली मधु उर्फ राकेश उर्फ बाजीराव बुक्लु वरेदा डीवीसीएम कुतुल एरिया कूरियर टीम 52 वर्ष निवासी एटापल्ली जिला गढ़चिरौली, जीवन उर्फ जग्गू उर्फ भीमा देवा मदकम पीपीसीएम कंपनी नं. 7 आयु 26 वर्ष निवासी कोंटा जिला सुकमा, रजनी उर्फ दुर्गा उर्फ रमोती धुर्वा एसीएम नेलनार तकनीकी टीम 40 वर्ष निवासी कातुलझोरा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मंगली कंपनी नं. 10 उम्र 22 वर्ष निवासी सावनार उसुर जिला बीजापुर, लक्ष्मी डेंगा पुनेम सदस्य स्टाफ टीम 25 वर्ष निवासी शिकुरभट्टी बसागुडा जिला बीजापुर है, जो बस्तर, महाराष्ट्र तथा मोहला-मानपुर जिले में कई घातक वारदातों में शामिल रहे।

### गढ़चिरौली में भी नक्सलवाद समाप्त

15 अक्टूबर 2025 को ब्यूरो सदस्य, केंद्रीय समिति सदस्य, प्रवक्ता सीपीआई माओवादी और सचिव-केंद्रीय ब्यूरो मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू सहित कुल 61 माओवादियों ने 54 घातक हथियारों के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फदणवीस के समक्ष आत्मसमर्पण के साथ पूरे गढ़चिरौली जिले में माओवादी आंदोलन और पूरे दंडकरण डिवीजन के लिए एक बड़ा झटका था। गढ़चिरौली जिले में माओवादी आंदोलन विलुप्त होने के कगार पर है और भूपति के आत्मसमर्पण के बाद देशभर में कुल 1063 माओवादी सदस्यों ने 637 हथियारों के साथ अब तक आत्मसमर्पण कर दिया है।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यात्री प्रतिक्षालय के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नशे एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम इंदावानी चौक जीई रोड यात्री प्रतिक्षालय के सामने अवैध रूप से बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहे आरोपी प्रवीण साहू 22 साल निवासी ग्राम अंजोरा को पकड़ा।

## 54 ट्रैक्टर अवैध रेत फिर पहुंची शिवनाथ नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज खनिज विभाग की टीम ने सरपंच ग्राम पंचायत भंवरमारा, वार्ड क्रमांक 51 हरदी के पार्षद तथा ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में ऑक्सीजन जोन स्थित शिवनाथ नदी तट में अवैध रूप से भण्डारित 54 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत को पुनः शिवनाथ नदी में डाला गया।

ज्ञातव्य हो कि खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व ऑक्सीजन जोन स्थित शिवनाथ नदी क्षेत्र में अवैध रूप से भण्डारित रेत के विरूद्ध कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं एक लोडर वाहन जब्त किया गया था। भंवरमारा निवासी



अविनाश सोनी द्वारा ऑक्सीजन जोन स्थित शिवनाथ नदी से खनिज रेत का अवैध उत्खनन कर रेत का अवैध भण्डारण किया गया था। अवैध रूप से भण्डारित लगभग 54 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत को आज पुनः शिवनाथ नदी में डाला गया। जिससे ऑक्सीजन जोन का प्राकृतिक सौन्दर्य एवं पर्यावरणीय संतुलन बरकरार रखा जा सके। जिला प्रशासन ने कहा है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## गौ तस्करी नेटवर्क में शिकंजा, दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** गौ-तस्करी में संलिप्त बड़े वाहनों को पायलेटिंग कर पुलिस चेकिंग की जानकारी पहले से उपलब्ध कराए जाने के मामले में पुलिस ने नाकाबंदी कर एक बोलेरो वाहन को पकड़ा। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार थाना बागनदी पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बोलेरो वाहन के माध्यम से गौ-तस्करी में संलिप्त बड़े वाहनों को पायलेटिंग कर पुलिस चेकिंग की जानकारी पहले से उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे तस्कर रास्ता बदलकर कार्रवाई से बच निकलते हैं। सूचना को गंभीरता से लेते थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में बागनदी बॉर्डर क्षेत्र में तत्काल सघन नाकाबंदी एवं चेकिंग अभियान चलाया गया।

0 घेराबंदी कर रोका

नाकाबंदी के दौरान महाराष्ट्र की ओर से राजनांदगांव प्रवेश कर रही संदिग्ध बोलेरो वाहन को घेराबंदी कर रोका गया। वाहन में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ एवं मोबाइल जांच करने पर यह तथ्य सामने आया कि वे लंबे समय से गौवंशी तस्करों को पायलट उपलब्ध कराने, पुलिस गतिविधियों की सूचना देने तथा चेकिंग से बचाने का कार्य कर रहे थे।

0 पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस द्वारा वाहन के दस्तावेज मांगने पर आरोपी किसी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद थाना बागनदी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते बोलेरो वाहन को मोटर व्हीकल एक्ट एवं धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दीपेन्द्र बंजारे 21 वर्ष निवासी कैम्प-1 शांतिपारा एकता नगर भिलाई व शैलेन्द्र भारती 27 वर्ष निवासी पथर्रा भिलाई-3 दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम, सउनि भागवत ध्रुवे, आरक्षक धर्मेन्द्र साहू, भूपेन्द्र तुमरेकी एवं विद्याधर मांझी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## रेगहा भूमि में फसल बिक्री की राशि नहीं देने का लगाया आरोप, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव क्षेत्र के दीवानभेड़ी निवासी हेमशंकर चंद्राकर ने कोतवाली थाना में लिखित शिकायत के माध्यम से कहा है कि वह हर्ष अग्रवाल और अंकुश अग्रवाल के स्वामित्व की कृषि भूमि कुल रकबा 10.10 एकड़ भूमि को कृषि कार्य करने हेतु रेगहा (किराया) पर लिया था। जिसके एवज में प्रतिवर्ष एडवांश- 1,21,000 रुपए किराया का भुगतान हर्ष अग्रवल एवं अंकुश अग्रवाल को करता था। इस संबंध इकरारनामा भी निष्पादित हुआ था।

उक्त कृषि भूमि पर जुलाई 2019 से वह निरंतर कृषि कार्य करते आ रहे हैं। इकरारनामानुसार जुलाई 2026 तक उनके आधिपत्य में भूमि है, जिस पर वर्तमान में धान की फसल, सब्जी लगाई गई है।

उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा वर्ष 2019 से निरंतर उपज की गई फसल को नॉमिनी के रूप में सोसायटी में विक्रय किया जाता था। भूमि-स्वामी का ऋण पुस्तिका में नाम दर्ज है। इस कारण सोसायटी में पंजीयन भी उनके नाम से ही होता है। वहीं सोसायटी में बिक्री किए धान की रकम भी शासन द्वारा उन दोनों भूमि स्वामियों के खाते में हस्तांतरित की जाती है। उनके द्वारा किराये की राशि को काटकर शेष राशि का भुगतान मुझे कर दिया जाता था। पीड़ित हेमशंकर चंद्राकर ने कहा कि इस वर्ष 2025-26 में मेरे द्वारा धान बोया गया था। धान की फसल लगभग 136 क्विंटल पैदावार हुआ था, जिसे उक्त क्षेत्र के अधिकृत सोसायटी में भूमि-स्वामी के नॉमिनी के रूप में बिक्री किया गया था। धान बिक्री की रकम 4,21,600 रुपए, कृषक उन्नति योजनांतर्गत नर्सरी विभाग द्वारा 64,000 रुपए तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना, जो वर्ष 2020-21 में प्रारंभ हुई थी। जिसमें कृषक को जो सब्जी उपजाने का कार्य करते हैं, को प्रतिवर्ष 40,000 रुपए प्रदान किया जाना था। इस प्रकार पांच वर्ष की कुल राशि 2,00,000 रुपए मुझे प्राप्त होना था। हर्ष अग्रवाल और अंकुश अग्रवाल द्वारा मुझे कुल 6,85,600 रुपए का भुगतान किया जाना था। उन्होंने मुझे संपूर्ण दस्तावेज, इकरारनामा, ऋण पुस्तिका आदि लेकर अपने घर बुलवाया, यह कहकर कि उक्त दस्तावेज छोड़ दो और अपना पैसा ले जाओ, लेकिन जब वह उसके घर गए तो होली त्यौहार के पश्चात राशि ले जाने की बात कही। राशि की मांग करने पर उनके द्वारा टालमटोल किया जाता रहा। रुपए मांगने घर जाने पर उनके द्वारा गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी गई और राशि वापस करने से इंकार कर दिया गया।

## अवैध रूप से गांजा बिक्री महिला गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे गांजा के साथ महिला आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपिया से 2.492 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में जिले को नशामुक्त बनाने हेतु क्षेत्र में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में 15 मई को पुलिस को सूचना मिली कि महिला द्वारा अवैध गांजा बिक्री करने की फिराक में चिखली तालाब के पास खड़ी है, जिस पर चिखली तालाब पार में चौकी चिखली पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपिया महिला 25 साल के कब्जे से एक लाल-सफेद रंग के थैला में रखे 2.492 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमती 24920 रुपए बरामद किया गया। आरोपिया के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## ग्रामीणों ने की शराब दुकान यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के गैंदाटोला में संचालित शासकीय शराब दुकान के मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर और आबकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में संचालित शराब दुकान को यथावत रखने मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू द्वारा राजनीतिक दबाव बनाकर शराब दुकान बंद कराने के प्रयास का आरोप लगाया।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे गैंदाटोला के ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू द्वारा ग्राम गैंदाटोला की शासकीय शराब दुकान को बंद कराने हेतु अन्य गांव के लोगों को एकत्रित कर शासन एवं प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। जबकि गैंदाटोला के अधिकांश ग्रामीण शासकीय शराब दुकान के विरोध में नहीं हैं। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री बढ़ गई थी। महाराष्ट्र से अवैध शराब लाकर गांव-गांव एवं गली-गली तक कोचियों के माध्यम से बिक्री की जा रही थी। जिससे ग्रामीणजन अत्याधिक परेशान एवं त्रस्त थे। उस समय ग्राम गैंदाटोला एवं आसपास के ग्रामीणों द्वारा कई बार तत्कालीन विधायक छन्नी साहू से शिकायत की गई, लेकिन उनके द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### जनहित में खर्च हो रही राशि

ग्राम गैंदाटोला के ग्राम विकास समिति द्वारा शराब दुकान के भवन से प्राप्त किराया की राशि से जनहित कार्य किया जा रहा है। जिसमें सर्व शिक्षा अभियान, बेटी बचाओ अभियान, स्वास्थ्य सहायता, प्रकृति संरक्षण अभियान, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, कन्या विवाह में मदद, जरूरतमंद गरीब युवा बेरोजगार को मदद, जल संरक्षण अभियान, स्वच्छता अभियान, दाह संस्कार कार्यक्रम में उनके परिजनों का मदद जैसे अनेक, जो गांव के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक, धार्मिक कार्यों, आर्थिक सहयोग प्रदान करने योजना बनाई गई है।

### पक्ष में होगा आंदोलन

शराब दुकान को यथावत रखते गांव में इसके संचालन को लेकर अब कुछ लोगों के विरोध के बाद शराब दुकान के पक्ष में बड़ी संख्या में ग्रामीण आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस शराब दुकान किराये राशि से गांव में जनहित के कार्य हो रहे हैं।

### अवैध शराब बिक्री पर लगी रोक

ग्रामीणों ने कहा कि जबसे शासन द्वारा ग्राम गैंदाटोला में शासकीय शराब दुकान प्रारंभ की गई, तब से अवैध शराब बिक्री एवं कोचियागिरी पर रोक लग गई है। वहीं दुकान किराये के रूप में शासन से मिलने वाली राशि सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में उपयोग किया जा रहा है। जिससे गांव और जनता का हित थोड़ा है।

### पूर्व विधायक पर लगाया आरोप

ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में पूर्व विधायक पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा गांव के कुछ लोगों को आगे कर शासकीय शराब दुकान के विरोध का माहौल बनाया जा रहा है। जबकि ग्राम गैंदाटोला के वास्तविक ग्रामीण शासकीय शराब दुकान को यथावत रखने के पक्ष में हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि शासकीय दुकान बंद होती है तो पुनः अवैध शराब बिक्री एवं कोचियागिरी को बढ़ावा मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### विदाई समारोह व पुस्तक विमोचन कार्यक्रम संपन्न



**पिपरिया।** महंत श्रीरामजानकी शरणदास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में जूनियर छात्र छात्राओं द्वारा सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनभागीदारी सदस्य राजेंद्र गुप्ता, प्रेमलाल साहू एवं अनिल दानी उपस्थित थें। प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालयीन पत्रिका सृजन तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा लिखित केमिस्ट्री, वर्मी कल्चर एवं केमिस्ट्री इन डेली लाइफ पुस्तकों का विमोचन किया गया। वहीं विश्वविद्यालय प्रावीण्य सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शारदा, सप्तम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रूमन तथा रचनात्मक कार्य हेतु हिमांशु जाटवार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, खेल का आयोजन किया गया। अंत में मिस्टर एवं मिस फेयरवेल का चयन कर सभी सीनियर विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सत्येंद्र चंद्रवंशी, बृजभूषण वर्मा, प्रकाश चंद्रवंशी, डॉ ममता दुबे, डॉ दिनेश टंडन, आराधना सेन, सीआर साहू, डॉ सरस्वती राठौर, लीना झरिया, सीपी सोनी, दान दिवाकर, सत्यम डौंडे, अभिजीत केशरवानी, शिवशंकर लहरें, विकास झरिया, आराधना देवांगन, प्रियंका चंद्रवंशी, सुमन चंद्रवंशी, जीवन सिंह मरकाम, संतोष कौशिक, संदीप ठाकुर, रामफल राजपूत, सिद्धार्थ केसरी, खिलेश्वर चंद्रवंशी एवं सुखचैन चंद्रवंशी सहित महाविद्यालय परिवार का शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### देश संभाल नहीं पा रहे अब जनता को त्याग का पढ़ा रहे पाठ : नवीन

# पीएम की सलाह पर भड़की कांग्रेस केंद्र सरकार को लिया आड़े हाथों

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश चलाने में पूरी तरह असफल हो चुके हैं और अपनी नाकामी छिपाने जनता को कम खाने कम चलने कम खर्च करने और घर बैठने की सलाह दे रहे हैं।

प्रेसवार्ता प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट, गैस की किल्लत, खाद की कमी, बेरोजगारी और बेतहाशा महंगाई से जनता त्रस्त है, लेकिन मोदी सरकार समाधान देने के बजाय जनता का मजाक उड़ा रही है। प्रधानमंत्री का बयान ऐसा लग रहा मानो देश की जनता नहीं बल्कि भाजपा सरकार खुद हाथ खड़े कर चुकी हो।

उन्होंने कहा कि मोदी किसानों से कह रहे उर्वरक कम उपयोग करो, महिलाओं से कह रहे तेल और गैस कम खर्च करो, युवाओं से कह रहे ऑफिस मत जाओ, जनता से कह रहे विदेश यात्रा मत करो और सोना मत खरीदो। कल को भाजपा सरकार यह भी कह सकती है कि जनता खाना कम खाए और सांस भी कम ले ताकि सरकार की नाकामी छिपाई जा सके। कि भाजपा राज में आम आदमी की जिंदगी टैक्स दो और तकलीफ झेलो तक सीमित हो चुकी है। पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लूटकर जनता की जेब काटी जा रही है और जब जनता राहत मांग रही तो प्रधानमंत्री कम उपयोग का ज्ञान दे रहे हैं। वहीं शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू, महिल कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत सहित पदाधिकारियों केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। इस प्रेसवार्ता कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष होरीराम साहू, पूर्व विधायक प्रत्याशी लालजी चंद्रवंशी, पीसीसी सचिव वीरेन्द्र जांगड़े, मनीष शर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, सतीश गहवारा, सुखनंदन साहू, शारदा सोनवानी, चोवाराम साहू, मेहुल सत्यवंशी, नरेन्द्र वर्मा, वैभव ठाकुर, आशीष साहू, सुजल ठाकुर, शिवेंद्र वर्मा व कांग्रेस के पदाधिकारी गणमान्य नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### भाजपा सरकार ने देश की महिलाओं के सपने तोड़ दिए है: श्री जायसवाल



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की महिलाओं के सपने तोड़ दिए हैं। जो सोना कभी मध्यम वर्ग की पहुंच में था, आज आसमान छू रहा है। महिलाओं को मंगलसूत्र के नाम पर भावनात्मक भाषण देने वाले मोदी राज में महिलाओं के गहने खरीदने की ताकत ही खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी खुद करोड़ों रुपए उड़ाकर विदेश यात्राएं करते हैं, हजारों करोड़ का विशेष विमान उपयोग करते हैं, लेकिन जनता को कह रहे विदेश मत जाओ, भाजपा नेताओं के लंबे-लंबे काफिले डीजल फूंकते हैं और जनता को पेट्रोल बचाने का उपदेश दिया जा रहा है। पहले भाजपा के मंत्री और नेता सायकिल पर चलना शुरू करें, उसके बाद जनता को ज्ञान दें।

### ग्राम सकली-गोविंद में संगठनात्मक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में कुण्डा शक्ति केंद्र सुकली-गोविंद में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रधानमंत्री के अपील को ग्रामीण क्षेत्र में शक्ति केंद्र प्रभारी ने गांव में पैदल रैली घूमकर पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने का अपील भी किया गया।

बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रभारी सेवाराम कुर्रे ने की। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। वहीं बैठक में मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुनने और चर्चा करने का संकल्प, प्रत्येक बूथ कमेटी में व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर जोर, बूथ स्तर के 6 कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करने पर चर्चा व बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख, बीएलए-2 सहित सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

# कवर्धा में सजी हास्य और व्यंग्य की महफिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर के गांधी मैदान में शुक्रवार की शाम साहित्य, हास्य और व्यंग्य के रंगों से सराबोर हो उठी, जब सांस्कृतिक साहित्य उत्सव समिति, कवर्धा के बैनर तले आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी, साहित्य प्रेमी और युवा देर रात तक मौजूद रहे। कवियों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे मैदान को ठहाकों और तालियों की गूंज से भर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वर्गीय सुरेंद्र दुबे के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। आयोजन को स्वर्गीय सुरेंद्र दुबे की स्मृति को समर्पित किया गया। मंच पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे ख्यातिप्राप्त कवियों, शायरों और गीतकारों ने हास्य, व्यंग्य, गीत और शायरी की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

मंच संचालन प्रसिद्ध वीर रस कवि शशिकांत यादव ने अपने विशेष अंदाज में किया, जिसने पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। बनारस से पहुंचे हास्य व्यंग्य कवि डॉ. अनिल चौबे ने समसामयिक विषयों पर तीखे व्यंग्य प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब हंसाया। नोएडा के हास्य कवि सुदीप भोला ने अपनी हास्य रचनाओं से माहौल को खुशनुमा बना दिया। दिल्ली की श्रृंगार कवयित्री मुमताज नसीम ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं छत्तीसगढ़ के गीतकार मीर अली मीर, हास्य रस कवि बंशीधर मिश्रा तथा संयोजक अभिषेक पाण्डेय ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से खूब वाहवाही बटोरी।

### साहित्य समाज का दर्पण होता है: डिप्टी सीएम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कवर्धा में इस प्रकार के बड़े साहित्यिक आयोजन के लिए समिति की सराहना की। कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

# विधायक ने 100 सीटर बालक छात्रावास का किया भूमिपूजन

### शिक्षा से सशक्त हो रहे वनांचल क्षेत्र के बच्चे, मिली 2.75 करोड़ की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास को नई दिशा देते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने आज पीएम जनमन योजना अंतर्गत 2 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 100 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया और आधारशिला रखी।

वनांचल क्षेत्र में रहने वाले छात्रों के लिए यह छात्रावास उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा, जहां उन्हें सुविधाजनक शिक्षा मिलेगी वही उनके परिजनों को भी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए कोई चिंता नहीं रहेगी। पहले छात्रों को वनांचल के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों से विद्यालय आने-जाने में असुविधा होती थी लेकिन अब इस छात्रावास के निर्माण होने के बाद उन बच्चों को पढ़ने के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा बल्कि उन्हें एक सुरक्षित व सर्वसुविधायुक्त छात्रावास मिलने से उनके समय और परिश्रम की बचत होगी जिससे वे मन लगाकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस 100 सीटर बालक छात्रावास के छात्रावास निर्माण से विशेष रूप से जरूरतमंद एवं दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सुरक्षित आवास, अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण एवं बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी, जिससे उनकी शिक्षा निरंतर एवं गुणवत्तापूर्ण बन सकेगी। शिक्षा ही विकास का सबसे सशक्त माध्यम है और विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत बनाने के लिए हम निरन्तर प्रयास कर रहें हैं। छात्रावास के निर्माण से क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी शिक्षा के लिए प्रेरित होंगे।

### क्षेत्र के विकास व विस्तार हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे

भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास, शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी जनहित के ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में पीएम जनमन योजना आज वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास की एक नई किरण लेकर आया है। आज दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में भी सुविधाओं की पहुँच घर-घर तक सुनिश्चित हो रही है। पीएम जनमन योजना के माध्यम से आज वनांचल व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में पक्के आवास और सड़क, पेयजल हेतु नल जल, विद्युत विहीन ग्रामों तक बिजली की पहुंच और सिंचाई व पेयजल हेतु पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होने से वहां निवासरत परिवार आज विकास की मुख्य धारा से जुड़कर विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने में सहभागी बन रहे हैं।

# महिलाओं ने पति के दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री व्रत



- 108 परिक्रमा लगाकर वट वृक्ष कि पूजा-अर्चना की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी, कंझेटा, मोहतरा कला, सोमनापुर, कुंडा, दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ वट सावित्री व्रत रखा। महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। वट सावित्री व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने एक सप्ताह पहले से ही पूजा की तैयारियां शुरू कर दी थीं। शुक्रवार सुबह से ही मंदिरों एवं वट वृक्षों के आसपास पूजा-अर्चना का क्रम शुरू हो गया।

महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर 108 परिक्रमा लगाई तथा विधिपूर्वक पूजा संपन्न की। हिंदू धर्म में वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। यह व्रत विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। बरगद के वृक्ष को स्थायित्व और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। महिलाएं वट वृक्ष की परिक्रमा कर दांपत्य जीवन में प्रेम, सुरक्षा और आर्शीवाद की कामना की।

### वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण पान किया

महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा का भी श्रवण किया, कथा के अनुसार सावित्री ने अपने पतिव्रता धर्म और दृढ़ संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। साथ ही अपने सास-ससुर की दृष्टि और खोया हुआ राज्य भी वापस दिलाया था। इसी कारण यह व्रत पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। जिसमें श्रीमती सकून शंभू शर्मा, श्रीमती यशोमती पवन शर्मा, श्रीमती नंदनी अंबिका मिश्रा, श्रीमती मंदाकिनी संतोष दुबे एवं श्रीमती कल्पना प्रवीण दुबे सहित महिलाएं उपस्थित थें।

### 700 करोड़ रुपए के कृषि ऋण से खेती करेंगे हजारों किसान

# तेजी से बढ़ रहा कृषि ऋण का दायरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिले में खेती-किसानी अब पूरी तरह बैंकिंग व्यवस्था और कृषि ऋण के सहारे चलने लगी है। खेती की लगातार बढ़ती लागत ने किसानों की आर्थिक स्थिति पर ऐसा दबाव बनाया है कि जिले के करीब 80 प्रतिशत किसान अब कृषि ऋण लेकर ही खेती करने को मजबूर हैं। केवल 20 प्रतिशत किसान ही ऐसे बचे हैं जो अपनी नगद पूंजी से खेती कर पा रहे हैं। यही वजह है कि हर साल कृषि ऋण का दायरा तेजी से बढ़ रहा है और इस बार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने किसानों को 700 करोड़ रुपए का कृषि ऋण देने का लक्ष्य तय किया है।

धान उत्पादन के लिए पहचान रखने वाले कबीरधाम जिले में खरीफ सीजन सबसे बड़ा कृषि चक्र माना जाता है। जिले में करीब सवा लाख किसान खरीफ फसल लेते हैं, जिनमें अधिकांश किसान धान की खेती करते हैं। खेती के लिए बीज, खाद, कीटनाशक, मजदूरी और सिंचाई की बढ़ती लागत के कारण किसान अब खुद की पूंजी से खेती करने की स्थिति में नहीं रह गए हैं।

परिणामस्वरूप अधिकतर किसान जिला सहकारी बैंक और समितियों से ऋण लेकर ही खेतों में फसल तैयार कर रहे हैं। जिला सहकारी बैंक के आंकड़े बताते हैं कि हर साल करीब 80 से 85 हजार किसान परिवार कृषि ऋण लेकर खेती करते हैं। किसानों को नगद राशि के साथ खाद-बीज और कृषि सामग्री भी ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाती है, ताकि समय पर बुआई और खेती की दूसरी जरूरतें पूरी हो सकें।

### जिले में खरीफ फसल खेती के लिए 1 लाख 90 हजार हेक्टेयर रकबा



जिले में खरीफ सीजन के दौरान एक लाख 90 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में खेती होती है। धान के अलावा दलहन, तिलहन और सब्जी फसलों की भी खेती की जाती है, लेकिन सबसे अधिक क्षेत्र धान उत्पादन के अधीन रहता है। खेती में मशीनों का उपयोग बढ़ने, खाद-बीज की कीमतों में वृद्धि और मजदूरी खर्च बढ़ने के कारण किसानों की लागत लगातार बढ़ी है। यही कारण है कि किसान अब कृषि ऋण के बिना खेती की कल्पना भी नहीं कर पा रहे हैं।

### बैंक शाखाओं से ऋण

जिले की 18 बैंक शाखाओं के माध्यम से किसानों को ऋ ण उपलब्ध कराया जा रहा है। बैंक का उद्देश्य किसानों को समय पर पूंजी उपलब्ध कराकर खेती को मजबूत बनाना है। ऋ ण वितरण की प्रक्रिया 30 सितंबर तक चलेगी और यदि किसान 31 मार्च तक ऋण का भुगतान कर देते हैं तो उन्हें ब्याज नहीं देना होता। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलती है और वे अगले सीजन के लिए भी आसानी से तैयार हो पाते हैं।

### ऋण लेने का क्रम 30 सितंबर तक

शासन का उद्देश्य है कि किसानों को पूंजी उपलब्ध कराकर खेती को मजबूत बनाए। इसके चलते ही इस बार 700 करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य मिला है। इसमें नगद ऋण और वस्तु ऋण शामिल है। ऋण लेने का क्रम 30 सितंबर तक चलेगा।

- **आरपी मिश्रा,** नोडल अधिकारी

# सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा-अर्चना, सुख शांति समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶रणवीरपुर

वट सावित्री व्रत के पावन अवसर पर ग्राम रणवीरपुर में सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की।

महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए विधि-विधान से व्रत रखा और पूजा संपन्न की। सुबह से ही पूजा स्थल पर धार्मिक माहौल बना रहा, जहां महिलाओं ने सज-धजकर पारंपरिक वेशभूषा में पूजा में भाग लिया।



महिलाओं ने वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर परिक्रमा की तथा पूजा सामग्री अर्पित कर कथा श्रवण किया। इस दौरान रेखा सोनी, ऋतु सोनी, दुर्गा सोनी, पूनम सोनी, नेहा सोनी, बबीता सोनी, तृप्ति सोनी एवं दुर्गा वैष्णव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा की। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं दीं और परिवार की मंगलकामना की।

ग्रामीण क्षेत्र में यह पर्व हर वर्ष पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाता है। वट सावित्री व्रत को हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व दिया जाता है, जिसमें महिलाएं अखंड सौभाग्य और परिवार की खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

एक्शन : विभागीय जांच में वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि

# 218 करोड़ के शिक्षा घोटाले में विभागीय कार्रवाई, बीईओ जायसवाल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा विभाग में सामने आए 218 करोड़ रुपए के बहुचर्चित गबन मामले में आखिरकार बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा कराई गई जांच में वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने के बाद कवर्धा के तत्कालीन बीईओ संजय जायसवाल को निलंबित कर दिया गया है।

आदेश जारी होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और पूरे जिले में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में विभिन्न योजनाओं और मदों में करोड़ों रुपए के खर्च और भुगतान को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आ रही थीं। आरोप था कि राशि के उपयोग में तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया तथा कई भुगतान संदिग्ध परिस्थितियों में किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय स्तर पर दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच कराई गई।

जांच टीम द्वारा भुगतान संबंधी फाइलों, खातों और दस्तावेजों की पड़ताल के दौरान कई स्तरों पर अनियमितताएं सामने आईं। इसके बाद जांच रिपोर्ट लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को भेजी गई, जिसके आधार पर तत्कालीन बीईओ संजय जायसवाल के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि मामले में विस्तृत वित्तीय जांच की तैयारी भी की जा रही है और आने वाले दिनों में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। 218 करोड़ रुपए के इस कथित गबन मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर लंबे समय से सवाल उठ रहे थे। कई सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

शिक्षा विभाग में योजनाओं के संचालन और खर्च में भारी लापरवाही के आरोपों के बाद अभिभावकों और आम लोगों में भी नाराजगी देखने को मिली थी। लोगों का कहना है कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग में यदि इस प्रकार की वित्तीय अनियमितताएं होती हैं तो उसका सीधा असर विद्यार्थियों और शिक्षा व्यवस्था पर पड़ता है। लगातार बढ़ते दबाव और शिकायतों के बाद विभाग ने जांच प्रक्रिया तेज की, जिसके बाद अब पहली बड़ी कार्रवाई सामने आई है।

### लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश




लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जांच में प्रथम दृष्टया अनियमितताओं की पुष्टि हुई है। इसी आधार पर तत्कालीन बीईओ संजय जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि आगे और तथ्य सामने आते हैं तो अतिरिक्त कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को गंभीर आर्थिक अनियमितता मानते हुए लगातार निगरानी रखी जा रही है। आदेश सामने आने के बाद पूरे शिक्षा विभाग में सतर्कता बढ़ गई है।

### आगे और बढ़ सकती है जांच की आंच

शिक्षा विभाग से जुड़े इस बड़े मामले में आने वाले दिनों में और भी कार्रवाई होने की संभावना जताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार वित्तीय लेनदेन, भुगतान प्रक्रिया और संबंधित दस्तावेजों की दोबारा समीक्षा की जा रही है। यदि जांच में अन्य अधिकारियों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल तत्कालीन बीईओ संजय जायसवाल के निलंबन को इस मामले की पहली बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई माना जा रहा है। कवर्धा में इस कार्रवाई के बाद पूरे प्रदेश के शिक्षा विभाग में भी सतर्कता बढ़ी है और कई पुराने मामलों की फाइलें फिर से खंगाली जा रही हैं।



# जल संरक्षण जन आंदोलन बने, तभी बढ़ेगा भूजल: डेका

- जिले में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वृक्षारोपण पर राज्यपाल ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कबीरधाम जिले में वर्षा जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को व्यापक स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जन अभियान का रूप देना आवश्यक है, तभी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को भूजल संकट से बचाया जा सकेगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी उपस्थित रहीं। राज्यपाल श्री डेका ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिलास्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि वर्षा जल प्रकृति का मुफ्त संसाधन है, जिसे सहेजकर न केवल वर्तमान जरूरतें पूरी की जा सकती हैं बल्कि भूजल स्तर को भी बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने प्रत्येक पक्के भवन और प्रधानमंत्री आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर जोर दिया। साथ ही खेतों में डबरी निर्माण कर वर्षा जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने तथा प्रारंभिक स्तर पर बड़े किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। राज्यपाल श्री डेका ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केवल पौधरोपण ही नहीं बल्कि उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है, जिससे जिले का फॉरेस्ट कवर बढ़ सके। उन्होने जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा हाइड्रोपोनिक्स और ड्रिप इरिगेशन जैसी आधुनिक कृषि पद्धतियों पर बड़े स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने आवास, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने, पर भी जोर दिया।

### रेडक्रॉस वार्षिक सदस्यता अभियान को बढ़ाने पर जोर

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने टीबी मरीजों के उपचार, पोषण आहार उपलब्धता तथा मल्टीपल (एमडीआर) टीबी मरीजों को उच्च चिकित्सा केन्द्रों में रेफर कर समुचित उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया। महिलाओं में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा एम्स के साथ एमओयू किया गया है, जिसके तहत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने रेड क्रॉस वार्षिक सदस्यता अभियान को बढ़ाने पर भी जोर दिया और कहा कि लोगों की छोटी-छोटी मदद किसी का जीवन बदल सकती है।

### जिले के हर विकासखण्ड की हो अलग पहचान

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हर जिले और विकासखंड की अपनी अलग पहचान होनी चाहिए, जो योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के माध्यम से स्थापित की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों से अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लोगों के जनजीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने की बात कही।

## खबर संक्षेप



### ग्राम मोतिमपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बोड़ला।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम मोतिमपुर में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष्मान आरोग्य मंदिर खैरबनाखुर्द के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे के निर्देश एवं बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ टीबी रोग की पहचान के लिए विशेष रूप से चेस्ट एक्स-रे किया गया। कुल 126 लोगों की जांच की गई, जिनमें 58 पुरुष एवं 68 महिलाएं शामिल रहीं। इसके अलावा अभियान के दौरान 12 निश्चय मित्र भी बनाए गए, जिन्होंने टीबी मरीजों की सहायता और जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का उद्देश्य टीबी के छूटे हुए मरीजों की जल्द पहचान करना, जांच एवं उपचार में होने वाली देरी को कम करना तथा सभी मरीजों को समय पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। अभियान का लक्ष्य टीबी से होने वाली मौतों को रोकते हुए वर्ष 2030 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर तथा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना की।

# सुहाग की मंगलकामना के लिए महिलाओं ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जेष्ठ माह की अमावस्या पर मनाए जाने वाले वट सावित्री पर्व को लेकर शुक्रवार को जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए व्रत रखा तथा विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की।

पर्व को लेकर विशेष रूप से नवविवाहित महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधानों और 16 श्रृंगार में सजकर पूजन सामग्री के साथ वट वृक्षों के नीचे पहुंचने लगीं। समूहों में पहुंची महिलाओं ने विधिवत पूजा करते हुए वट वृक्ष की परिक्रमा की और कच्चा धागा बांधकर अपने सुहाग की मंगलकामना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष में चना, पंखा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की। नगर के राधा कृष्ण तालाब परिसर, भोजली तालाब, कलेक्टर कॉलोनी, काली मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित वट वृक्षों के नीचे दिनभर सुहागिन महिलाओं की भीड़ लगी रही।

पूजा स्थलों पर धार्मिक वातावरण और पारंपरिक आस्था की सुंदर झलक देखने को मिली। पंडितों और पुरोहितों ने बताया कि वट सावित्री व्रत का संबंध पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपनी बुद्धिमत्ता, निष्ठा और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे तथा अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान पाया था। तभी से सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष को भगवान महेश्वर का स्वरूप मानकर उसकी पूजा करती हैं और अपने पति की लंबी आयु की कामना करती हैं।

धार्मिक मान्यता और पारिवारिक सुख-समृद्धि से जुड़े इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला तथा पूरे दिन पूजा-अर्चना और धार्मिक गतिविधियों का दौर चलता रहा।



### नपा अध्यक्ष ने माताओं बहनो को किया गया शरबत वितरण

वट सावित्री पर्व के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया की बूढ़ामहादेव मंदिर के पास, शिवालय के पास कुम्हार पारा, माँ काली मंदिर के पास, कैलाश नगर वार्ड 3, आदर्श नगर शिव मंदिर के पास, कलेक्टर कालोनी शिव मंदिर के पास, विद्या नगर मंच के पास, ठाकुर देव मंदिर ठाकुर देव चौक के पास, छीरपानी कालोनी शिव मंदिर के पास, दर्री पारा तालाब के पास, विंध्यासिनी वार्ड 27, जमात मंदिर के पास, लोहारा रोड शनि मंदिर के पास के पास टेंट लगाकर माताओ बहनों को शरबत वितरण किया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की बैठक का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर एवं जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष घनश्याम साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक रविवार 17 मई 2026 को शाम 4 बजे गुप्ता सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 17, दुर्जाबंद मोहल्ला, पंडरिया में आयोजित होगी। बैठक में वर्ष 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल के अब तक लागू नहीं होने के मुद्दे पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि तथा बेरोजगारी जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत क्षेत्रीय एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा प्रस्तावित है।

अन्य विषयों पर चर्चा अध्यक्ष के निर्देशानुसार की जाएगी। बैठक में पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत सभी 6 मंडलों के अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। साथ ही कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विंग के पदाधिकारियों को भी सादर आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के महामंत्री राकेश चंद्राकर द्वारा दी गई।

# कवर्धा पहुंचे राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट परिसर में रोपा आम का पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कबीरधाम प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में आम के पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी पौधरोपण किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल वर्तमान के लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



कार्यक्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, डीएफओ निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से जरूरतमंद परिवारों को मिला आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सहयोग एवं पहल से मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत विभिन्न जरूरतमंद एवं पीड़ित परिवारों को कुल 30 लाख 98 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।



सहायता राशि के चेक वितरित कर लाभार्थियों को राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर कैंसर पीड़ित ग्राम खडौदाकला निवासी अश्वनी साहू को उपचार हेतु 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। ग्राम आमगांव निवासी गयाराम साहू, जिनके दो पुत्रों की बिजली करंट लगने से मृत्यु हो गई थी, उन्हें 3 लाख रुपए की सहायता दी गई।

इसी प्रकार ग्राम लोहारीडीह निवासी कन्हैया साहू को 3 लाख रुपए, दुर्घटना में घायल बल्दु जायसवाल को 1 लाख रुपए, सतीश त्रिपाठी को उनकी पुत्री के इलाज हेतु 1 लाख रुपए तथा दशरंगपुर निवासी पितेंद्र केशरवानी को दुकान में आगजनी से हुए नुकसान के लिए 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रम में भूखन साहू, नरेन्द्र मानिकपुरी, योगेश साहू, अनिल साहू, सुनील साहू, बिहारी धुर्वे एवं ईश्वरी धुर्वे उपस्थित रहे।

शनिमंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, महाअभिषेक और भंडारे का आयोजन

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई शनि जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिलेभर में शनि जयंती श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। कवर्धा नगर सहित ग्रामीण अंचलों के शनिमंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना कर तेल, काला तिल, उड़द दाल, काला वस्त्र और लोहे का अर्पण करते हुए सुख-समृद्धि एवं कष्टों से मुक्ति की कामना की।

कवर्धा नगर के स्थानीय श्री पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर के सामने स्थित श्री शनिदेव मंदिर में मां काली शंकर सेवा समिति के तत्वावधान में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। यहां भगवान शनिदेव का महाअभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा। इसी प्रकार विकासखंड पंडरिया के ग्राम गौरकांपा स्थित प्रसिद्ध शनिमंदिर में भी शनि जयंती पर विशेष आयोजन किए गए। बताया जाता है कि करीब डेढ़ सौ वर्ष पुराने सिद्धपीठ स्वंभू शिव मंदिर परिसर में दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित इस शनिमंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है।

शनि जयंती के अवसर पर यहां पंडरिया, मुंगेली, बिलासपुर, कवर्धा सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरे दिन मेले जैसा माहौल बना रहा। मंदिर समिति के महंत विवेकगिरी महाराज ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त से ही शनिदेव की पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी गई थी।

सर्वप्रथम सरसों तेल से भगवान शनिदेव का महाअभिषेक किया गया, जिसके बाद महाआरती संपन्न हुई। पूजा के दौरान काला तिल, काला कपड़ा, लोहा, गुड़ और उड़द दाल का महाभोग अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति और धार्मिक उत्साह ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।




### भक्तों ने पूजा-अर्चना कर शनि पीड़ा से मांगी गई मुक्ति, किया गया दान-पुण्य

हिन्दू धर्म में शनि जयंती का विशेष महत्व है। इस दिन प्रमुख शनिदेव मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शनि की विशेष पूजा अर्चना कर शनि पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना की जाती है। शनिदेव को काला या कृष्ण वर्ग का बताया जाता है इसलिए इन्हें काला रंग अधिक प्रिय है। शनिदेव काले वस्त्रों में सुशोभित हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शनिदेव का जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि के दिन हुआ है। जन्म के समय से ही शनिदेव श्याम वर्ग, लम्बे शरीर, बड़ी आंखो तथा लम्बे केशों वाले थे। यह न्याय के देवता हैं। जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं ने इन्हें काले कपड़े जामुन, काली उड़द, काले जूते, काली तिल, लोहा, तेल आदि वस्तुओं का निमित दान कर शनि पीड़ा से मुक्ति की प्रार्थना की।

# ग्राम कोठार में सात दिवसीय आध्यात्मिक सचित्र प्रदर्शनी एवं राजयोग शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा के ग्राम कोठार में 15 मई से 21 मई तक आयोजित आध्यात्मिक सचित्र प्रदर्शनी एवं राजयोग मेडिटेशन अनुभूति शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से 7.30 बजे तक आयोजित इस शिविर में आध्यात्मिक ज्ञान और मेडिटेशन के माध्यम से लोगों को आत्मिक शांति एवं सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव ज्योति भवन कवर्धा की राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी निलेश्वरी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी मनुष्य शरीर, जाति, वर्ग, धर्म, आयु और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर एक परमपिता परमात्मा की संतान हैं। यदि यह आत्मिक भावना विकसित हो जाए तो विश्व बंधुत्व, विश्व एकता और विश्व शांति की पुनः स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से समझाया जा रहा है कि आत्मा अविनाशी है और यह शरीर केवल एक माध्यम है।



मनुष्य इस संसार रूपी रंगमंच में विभिन्न रूपों में अपना-अपना पात्र निभाता है तथा जीवन पूर्ण होने के बाद आत्मा अपने मूल स्थान परमधाम लौट जाती है, जहां परमपिता परमात्मा का निवास है। राजयोग मेडिटेशन की विधि बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं को ज्योति बिंदु आत्मा के रूप में अनुभव कर परमधाम में स्थित परमात्मा का स्मरण करने से मनोबल बढ़ता है और व्यक्ति जीवन में सुख, शांति एवं सकारात्मकता का अनुभव करता है। भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति और सद्भावना बनाए रखने के लिए नियमित मेडिटेशन आवश्यक है।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर ग्रामवासी मुन्ना राम, धनीराम, भरत राम, रामजी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।